आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 20 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-083 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## आईएएस विवेक अग्रवाल बने एफएटीएफ उपाध्यक्ष



**नई दिल्ली,20 जून।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल को एफएटीएफ का उपाध्यक्ष यानी वाइस प्रेसिडेंट चुना गया है। यह किसी भारतीय के लिए पहला मौका है जब उसे इस वैश्विक संस्था में इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। एफएटीएफ वह अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो दुनियाभर में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फंडिंग पर नजर रखती है। इसमें 200 से ज्यादा देश और अधिकार क्षेत्र शामिल हैं। इस संस्था में भारत की यह नई भूमिका बेहद अहम है। विवेक अग्रवाल 1994 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मध्य प्रदेश कैडर से आते हैं। फिलहाल वे केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय में सचिव के पद पर काम कर रहे हैं। उनका अनुभव बेहद विविध है।

## 1 जुलाई से बदल जाएंगे रेलवे के नियम

**नई दिल्ली,20 जून।** भारतीय रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करने वाले और रेल परिसरों में नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों पर सख्ती बढ़ाने के लिए जुर्माने की राशि में भारी बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। जनविश्वास अधिनियम के अंतर्गत किए गए ये नए नियम 1 जुलाई से देश भर में प्रभावी हो जाएंगे।रेलवे बोर्ड के मुताबिक, करीब 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद (पिछला बदलाव 2013 में हुआ था) जुर्माने की दरों को संशोधित किया गया है। यदि कोई यात्री जुर्माना भरने से इनकार करता है, तो मामला सीधे कोर्ट जाएगा जहां जुर्माने के साथ जेल की सजा भी हो सकती है। किसी दूसरे व्यक्ति के नाम से बुक किए गए टिकट पर यात्रा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। पकड़े जाने पर न सिर्फ टिकट जब्त होगा, बल्कि आर्थिक दंड भी भुगतना पड़ेगा।हुड़दंगियों पर शिकंजाः ट्रेन या रेलवे स्टेशन परिसर में शराब या अन्य नशा करके गाली-गलौज करने वालों को तुरंत ट्रेन से उतार दिया जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।रेलवे प्रशासन ने सभी जोनल अधिकारियों और कर्मचारियों को इन नए नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर और नियमों का पालन करते हुए ही सफर करें।


## पाकिस्तान में बैक-टू-बैक आतंकी हमले,7 मरे

**करांची,20 जून।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में दो लगातार धमाकों से हड़कंप मच गया है। इन धमाकों में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने इन रिमोट-कंट्रोल धमाकों को 'कायराना आतंकी हमला' करार दिया है। बन्नू के वजीर सब-डिवीजन के अंतर्गत आने वाले अर्ध-जनजातीय और पहाड़ी इलाके 'मरका बेरा' में यह दिल दहला देने वाली घटना घटी है। बन्नू के डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिसर यासिर अफरीदी ने इस बात की पुष्टि की है कि इन दो धमाकों में सात लोगों की जान गई है और तीन लोग घायल हुए हैं।

# भारत की रक्षा ताकत की नई उड़ान: राजनाथ

**नयी दिल्ली,20 जून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और तीन लाख करोड़ रुपए के रक्षा उत्पादन तथा 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात के लक्ष्यों को समय से पहले हासिल कर लिया जायेगा। सिंह ने नागपुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ यंत्र इंडिया लिमिटेड की आयुध निर्माणी अंबाझरी इकाई में अत्याधुनिक 10,000 टन एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न प्रेस के भूमि पूजन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा है कि निगमीकरण के बाद आयुध निर्माणी बोर्ड का उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 में 26,282 करोड़ रुपए तक पहुँच गया जो वित्त वर्ष 2019-20 में 12,755 करोड़ रुपए था। निर्यात भी 81 करोड़ से बढ़कर 4,561 करोड़ रुपए पहुंच गया है। उन्होंने कहा , "जो राष्ट्र अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करने में सक्षम होता है, वह अपने हितों की सुरक्षा के लिए सबसे अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है।"

उन्होंने कहा कि यह एक्सट्रूज़न प्रेस देश के दृष्टिकोण में उस परिवर्तन का प्रतीक है, जिसमें आयात पर निर्भर रहने के बजाय महत्वपूर्ण वस्तुओं का घरेलू उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं पर नियंत्रण को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रेस देश में अपनी तरह की सबसे उन्नत सुविधाओं में से एक होगी। यह रक्षा प्रणालियों एवं विभिन्न प्लेटफॉर्म, अंतरिक्ष एवं विमानन संरचनाओं, मिसाइल कार्यक्रमों, रेलवे एवं परिवहन क्षेत्रों तथा अन्य रणनीतिक औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक बड़े और जटिल एल्यूमिनियम मिश्रधातु प्रोफाइलों के निर्माण में सहायता करेगी। यह परियोजना महत्वपूर्ण एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न के आयात पर निर्भरता कम करने, घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने तथा स्वदेशी उत्पादन के माध्यम से रणनीतिक क्षेत्रों की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होगी।



**तय समय से पहले हासिल करेंगे उत्पादन और निर्यात लक्ष्य**

रक्षा मंत्री ने कहा, "यह एक्सट्रूज़न प्रेस एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करता है। आधुनिक लड़ाकू विमान, मिसाइलें और उन्नत अंतरिक्ष कार्यक्रम ऐसे धातुओं की मांग करते हैं जो हल्की होने के साथ-साथ मजबूत भी हों और अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना कर सकें। ऐसी धातुएँ विशेष प्रक्रियाओं के माध्यम से तैयार की जाती हैं। यदि धातु की गुणवत्ता श्रेष्ठ होगी, तो वह हर परिस्थिति में प्रभावी सिद्ध होगी।"

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भारत-निर्मित उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए सिंह ने मजबूत हार्डवेयर के स्वदेशी निर्माण को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बड़ी मशीनों की वास्तविक शक्ति हजारों महत्वपूर्ण अवयवों से मिलकर बनती है और यह एक्सट्रूज़न प्रेस इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।रक्षा मंत्री ने कहा कि आज जबकि युद्ध का स्वरूप बदल रहा है और शत्रुओं की पहचान करना अधिक कठिन हो गया है, फिर भी पारंपरिक युद्ध और उससे जुड़े साधनों की प्रासंगिकता 1947 की तरह आज भी बनी हुई है और 2047 में भी काफी हद तक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत सैन्य-औद्योगिक आधार का महत्व लंबे समय तक बना रहेगा और यह एक्सट्रूज़न प्रेस भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी राष्ट्रीय आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

## नीट परीक्षा: एनटीए की बड़ी गड़बड़ी, नागपुर के छात्र का सेंटर निकला अबू धाबी

**नई दिल्ली।** देशभर में कल यानी 21 जून को एक शिफ्ट में नीट परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड भी जारी कर दिए गए हैं। अब ऐसे में नागपुर से एडमिट कार्ड में हुई गलती का एक मामला सामने आया है। दरअसल नागपुर के एक छात्र के नीट यूजी परीक्षा के एडमिट कार्ड में अबू धाबी में स्थित परीक्षा केंद्र का नाम उल्लेख है। छात्र का नाम अब्दुल्ला मोहम्मद तालिब है। अब्दुल्ला मोहम्मद तालिब ने नीट यूजी की परीक्षा में शामिल होने के लिए जब अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया, तो उसमें संयुक्त अरब अमीरात के आबू धाबी में स्थित एक एग्जाम सेंटर के बार में उल्लेख किया गया था। इ,स घटना ने परीक्षा से पहले सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। तमाम मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो नागपुर के रहने वाले अब्दुल्ला मोहम्मद तालिब ने नीट यूजी परीक्षा के लिए भारत में ही परीक्षा के लिए आवेदन किया था। हैरानी की बात यह है कि अब्दुल्ला के पास पासपोर्ट नहीं है, जिसके कारण उनके लिए भारत से बाहर जाकर परीक्षा देना असंभव है। एडमिट कार्ड में हुई गलती के बारे में पता चलने के बाद एनटीए ने अपनी गलती को स्वीकार किया और कहा यह समस्या तकनीकी खराबी के कारण हुई है। इसके अलावा, एनटीए ने छात्र के परिवार को आश्वाशन देते हुए यह भी कहा कि एडमिट कार्ड में जल्द से जल्द सुधार किया जाएगा और छात्र को परीक्षा केंद्र के साथ संशोधित एडमिट कार्ड भी दिया जाएगा।

# बांग्लादेश में गूंजे 'जय श्री राम' के नारे

**ढाका,20 जून।** बांग्लादेश के ढाका में भगवान राम की तस्वीर के अपमान और 81 फीट ऊंची मूर्ति का काम रोके जाने पर हजारों हिंदुओं ने 'जय श्री राम' के नारों के साथ विशाल मशाल जुलूस निकालकर भारी विरोध प्रदर्शन किया।

मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में अल्पसंख्यक अधिकारों को लेकर एक बार फिर चिंताएं गहरा गई हैं। राजधानी ढाका में शुक्रवार को हजारों हिंदुओं ने भगवान राम की तस्वीर के कथित अपमान और एक भव्य मूर्ति के निर्माण को रोके जाने के विरोध में विशाल मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान भारी संख्या में जुटे लोगों ने 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए। कट्टरपंथियों द्वारा रंगपुर में भगवान राम की सबसे ऊंची मूर्ति के निर्माण का विरोध करने और कथित तौर पर उनकी तस्वीर का अपमान किए जाने के बाद ढाका में भारी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हजारों हिंदुओं ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ढाका में मशाल जुलूस निकाला और 'जय श्री राम' के नारे लगाए। हिंदू महाजोट के आह्वान पर कई हिंदू संगठन और छात्र प्रमुख शाहबाग चौराहे पर इकट्ठा हुए और वहां से नेशनल प्रेस क्लब तक मार्च किया। प्रेस क्लब के सामने एक मानव श्रृंखला भी बनाई गई, जबकि एक अन्य समूह ने ढाका रिपोर्टर्स यूनिटी के पास अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं, रंगपुर में पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को रोके जाने के बाद हल्की झड़प की भी खबर है।प्रदर्शनकारियों का दावा है कि इस महीने की शुरुआत में गाइबांधा में एक प्रदर्शन के दौरान कट्टरपंथी भीड़ ने भगवान राम की एक तस्वीर पर जूता रखकर उसका अपमान किया था। इस मामले में केस तो दर्ज कर लिया गया है, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।उत्तरी गाइबांधा जिले के पलाशबाड़ी में एक मंदिर परिसर के तहत भगवान राम की 81 फीट ऊंची मूर्ति बनाई जा रही थी। इसका लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा भी हो चुका है। श्री श्री राधा गोविंद मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिदास चंद्र दास ने बताया कि कट्टरपंथी समूहों द्वारा प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों को धमकियां मिलने के बाद काम रोक दिया गया है। एक कट्टरपंथी मौलवी ने तो बुलडोजर से मूर्ति गिराने तक की धमकी दे डाली थी।करीब 22 करोड़ बांग्लादेशी टका (लगभग 16 करोड़ रुपये) के इस प्रोजेक्ट में 50 फीट के भगवान कृष्ण और 30 फीट के भगवान शिव की मूर्तियां भी प्रस्तावित हैं।

मंदिर समिति के सलाहकार श्यामलाल कुमार महंत के मुताबिक, "सामाजिक सद्भाव बनाए रखने" के लिए फिलहाल काम को रोक दिया गया है। डर के साये में जी रहे आयोजकों ने काम रोकने के साथ ही प्रधानमंत्री तारिक रहमान से हस्तक्षेप की अपील भी की है।तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बीएनपी सरकार पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए, प्रदर्शनकारियों ने दोषियों की गिरफ्तारी के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

हिंदू समुदाय ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो आगे और भी रैलियां की जाएंगी। शनिवार को धार्मिक मामलों के मंत्रालय को एक ज्ञापन भी सौंपा जाना है। हिंदू महाजोट ने दो टूक चेतावनी दी है कि अगर राम मूर्ति का निर्माण दोबारा शुरू नहीं करने दिया गया, तो वे बांग्लादेश के सभी 64 जिलों में एक-एक करके राम मंदिर का निर्माण करेंगे।

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक, 3 की मौत

**गुस्साए ग्रामीणों ने फूंक दिया ट्रक**



**सूरजपुर,20जून।** जिले से एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक खड़े ट्रक से टकराने के कारण बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। यह घटना प्रतापपुर थाना इलाके में हुई है। जानकारी के मुताबिक, हादसे की वजह ट्रक ड्राइवर की बड़ी लापरवाही रही। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर ने पहले एक कार को टक्कर मारी और फिर ट्रक को सड़क पर ही लावारिस छोड़कर फरार हो गया। इसी दौरान एक ही बाइक पर सवार होकर आ रहे चार युवक सड़क पर खड़े इस ट्रक से सीधे जा टकराए। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर फैलते ही शिवपुर इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना स्थल पर इकट्ठा होकर जमकर हंगामा किया और ट्रक को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और मामला शांत कराते हुए जांच में जुट गई।

# शशि थरूर ने किया पीएम मोदी का समर्थन

**नई दिल्ली,20 जून।** फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात सुर्खियों में है। इस अहम मुलाकात को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पीएम मोदी का समर्थन किया है। थरूर के इस बयान के तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी आक्रामक हो गई है और उसने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि वह पूरी तरह से 'एक्सपोज' हो गए हैं।



**भाजपा बोली- राहुल गांधी एक्सपोज हो गए**

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिक नाविकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताओं से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अवगत कराया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि युद्ध के दौरान कमर्शियल नाविकों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी और ट्रंप के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक का जिक्र करते हुए थरूर ने कहा "जहाजों पर काम करने वाले नागरिक नाविक कोई सैनिक नहीं हैं, इसलिए उन्हें युद्ध में निशाना नहीं बनाना चाहिए। यही संदेश पीएम मोदी ने दिया है।" भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा, "हमारे पास भारतीय झंडे वाले जहाजों और अन्य जहाजों पर भारतीय नाविक हैं। यदि वे आपकी किसी नाकेबंदी का उल्लंघन कर रहे हैं, तो उन्हें रोकने का कोई और तरीका खोजें, लेकिन लोगों की जान न लें।" थरूर का यह समर्थन उनकी अपनी ही पार्टी के आधिकारिक रुख के बिल्कुल उलट है। बुधवार को कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि ओमान की खाड़ी में एक मर्चेंट वेसल पर हुए अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर प्रधानमंत्री 'चुप' रहे। मुख्य विपक्षी दल ने सवाल उठाया था कि इस घटना पर अमेरिका से माफी या खेद क्यों नहीं मांगा गया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रधानमंत्री के कदम की तारीफ करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने असैन्य नाविकों की सुरक्षा के मुद्दे पर भारत की चिंताओं को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने मजबूती से रखा है।

# अब सिर्फ एक शिवसेना, शिंदे ही उसके असली नेता: शाह

**नई दिल्ली,20 जून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 20 जून को कहा कि शिवसेना में अब कोई गुट नहीं है और पार्टी की कमान पूरी तरह से एकनाथ शिंदे के हाथों में है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने शिवसेना (UBT) में बगावत की अटकलों के बीच कहा कि पहले हमें शिवसेना के शिंदे गुट को (एकनाथ) शिंदे के नाम से बुलाना पड़ता था। अब कोई गुट नहीं है। सिर्फ़ एक ही शिवसेना है। इस कार्यक्रम के दौरान, शाह ने कोल्हापुर के माता अंबाबाई मंदिर में पूजा-अर्चना की और मंदिर के आधुनिकीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए आधारशिला भी रखी।

उन्होंने कहा कि आज महाराष्ट्र की इस पवित्र भूमि पर, जहाँ माता अंबाबाई का निवास स्थान है—इस कोल्हापुर में—हम सभी एक बहुत नेक काम के लिए इकट्ठा हुए हैं। करवीरनगर, जहाँ माता अंबाबाई स्वयं विराजमान हैं, वहाँ आज महाराष्ट्र सरकार माता अंबाबाई के मंदिर के जीर्णोद्धार और कॉरिडोर निर्माण का काम कर रही है। सांस्कृतिक पुनरुद्धार पर ज़ोर देते हुए, शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकास भी, विरासत भी" के विज़न के तहत हो रहा है। उन्होंने कहा, "महाराष्ट्र में सभी ज्योतिर्लिंगों और शक्तिपीठों का



पुनर्विकास और कायाकल्प किया जा रहा है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।"

यह बयान उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना (UBT) गुट में चल रही उथल-पुथल के बीच आया है, जहाँ 'ऑपरेशन टाइगर' के तहत बड़े पैमाने पर पार्टी छोड़ने की घटना हुई है और UBT के कई सांसदों ने शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी का दामन थाम लिया है। इस घटनाक्रम के कारण पार्टी में अंदरूनी कलह मची है, सांसद गायब हैं और कानूनी कार्रवाई की धमकियाँ भी मिल रही हैं। इसके जवाब में, शिवसेना (UBT) ने गैर-हाज़िर सांसदों को एक नया 'शो कॉज़ नोटिस' जारी किया है और उन्हें अयोग्य ठहराए जाने की चेतावनी दी है। लोकसभा में पार्टी के चीफ व्हिप अनिल देसाई ने सांसदों से उनकी गैर-हाज़िरी के लिए 24 घंटे के अंदर लिखित स्पष्टीकरण की औपचारिक मांग की है।

नोटिस में चेतावनी दी गई है कि जवाब न देने पर इसे पार्टी से स्वैच्छिक इस्तीफा माना जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची, जिसे दलबदल विरोधी कानून के नाम से जाना जाता है, के तहत कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को नई दिल्ली में हुई अनिवार्य संसदीय दल की बैठक के दौरान संकट और बढ़ गया, जिसमें पार्टी के नौ लोकसभा सांसदों में से केवल तीन - अरविंद सावंत, अनिल देसाई और राजभाऊ वाजे - ही उपस्थित थे।

**भारत के महान निशानेबाज स्व. जसपाल राणा की यादें शेष...**

# जीत की राह दिखाकर जाने कहां चल दिए आप

**आलेख .. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ ग .**

विगत दिनों जब मैं साहित्य के क्षेत्र से जुड़े अपने मित्रों के साथ सिंगापुर की यात्रा पर था तभी मुझे भारत के महान निशानेबाज जसपाल राणा के 50 वर्ष की उम्र में मृत्यु की जानकारी प्राप्त हुई। यह मेरे लिए बहुत दुखदायी था। 1979 से प्रिंट मीडिया के लिए पत्रकारिता करते हुए पिछले 47 वर्षों से खेलों के महाकुंभ ओलंपिक स्पर्धा में भारत के जिन खिलाड़ियों ने मेरे मन मस्तिष्क में अपनी छाप छोड़ी उनमें जसपाल राणा प्रमुख थे।

सिर्फ 12 वर्ष की उम्र में निशानेबाजी में अपने से कई वर्ष बड़े निशानेबाजों, खुद का शूटिंग रेंज रखने वाले निशानेबाजों , आर्थिक रूप से मजबूत निशानेबाजों के बीच एक सामान्य परिवार के होनहार निशानेबाज जसपाल राणा ने 31वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता 1993 के एक इवेंट में जब जूनियर वर्ग में रजत पदक पर निशान साध लिया तब भारत के खेल परिदृश्य में तहलका मच जाता है। थोड़े ही अंतराल के पश्चात 1994 में 46 वीं विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में जसपाल राणा फिर अपने इवेंट में स्वर्णपदक पर निशाना लगाकर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हैं साथ ही विश्वविजेता बन जाते हैं .इस धमाकेदार प्रदर्शन ने उन्हें आसमान का सितारा बना दिया।

जसपाल राणा का बचपन उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल के जौनपुर जैसे वनाआच्छादित, पहाड़ियों के बीच स्थित गांव में हुआ। उनके पिता नारायण सिंह राणा बी.एस.एफ के एक अधिकारी थे।उन्होंने ही जसपाल के अंदर के निशानेबाजी के गुण को पहचाना और जसपाल को निशानेबाजी के गुर सिखाए। पिता की उम्मीद के अनुसार भारत का यह सपूत जसपाल खरा उतरा. अपने सक्रिय खेल जीवन में निशानेबाजी की चैम्पियनशिप में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों में भाग लेते हुए भारत माता की झोली में 600 से अधिक पदक जीतकर डाल दिए. वस्तुतः इसी कारण व्यक्तिगत खेल में ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाले वे भारत के टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस, मुक्केबाज एम.सी. मेरीकाम, पहलवान सुशील कुमार, शटलर पी.व्ही. सिंधु, शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद , तीरंदाज दीपिका कुमारी , हाकी के ध्यान चंद, लेस्ली क्लॉडियस , पी आर श्रीजेश जैसे महान खिलाड़ियों के साथ अपना नाम लिखा लिया। भारत में खेलकूद को बढ़ावा देना के लिए जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 में देश की बागडोर संभालते ही प्रयास शुभारंभ किया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। सामूहिक खेलों में याने टीम खेलों में सफलता प्राप्त करने के लिए तो कई खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है परंतु एकल, युगल, मिश्रित युगल में चैंपियन बनने के लिए स्वयं का प्रदर्शन मायने रखता है। भारत के खेल इतिहास को खंगालने से स्पष्ट हो जायेगा कि आज लिएंडर पेस, विश्वनाथन आनंद. एम.सी. मेरीकाम, दीपिका कुमारी, पी.व्ही. सिंधु, जसपाल राणा जैसे कुछ महान खिलाड़ियों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना भारतीय खेल जगत के उज्जवल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। निशानेबाजी में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 600 पदक जीतना आम खिलाड़ी के बस की बात नहीं है। निशानेबाजी में त्वरित निर्णय सही पूर्वानुमान, समर्पण,त्याग,



ईमानदार मेहनत की जरूरत होती है। इसके अलावा आयोजक देश का मौसम, वातावरण, खान-पान आदि से निशानेबाजी में लक्ष्य को प्राप्त करने में कठिनाई पैदा होती है। शांत मन मस्तिष्क के लिए निशानेबाजी में योग का भी महत्व होता है। जसपाल राणा का हमारे बीच से चले जाना उभरते हुए निशानेबाजों के लिए बड़ा आघात है। मनु भाकर जैसे शिष्य को ओलंपिक पदक के लिए तैयार करना एक कठिन काम था। जिसे जसपाल ने अपने अनुभव से आसान किया। जसपाल की मृत्यु हृदय रोग से हुई यह भी दुर्भाग्य की बात है कि हमारे खिलाड़ी ,कोच अत्यधिक व्यस्त होने के कारण नियमित स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करा पाते अतः स्वयं ही आगे बढ़कर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य परीक्षण हो इस दिशा में भारतीय ओलंपिक संघ और खेल मंत्रालय को कुछ ठोस कदम उठाना चाहिए .

## मध्य प्रदेश में फिर लौटेगी सोनचिरैया

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े फैसलों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई वन विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में अत्यंत लुप्तप्राय 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' यानी सोन चिरैया को मध्य प्रदेश के जंगलों में फिर से लाने के प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी गई है। इसके तहत राजस्थान सरकार पोखरण और सैम स्थित ब्रीडिंग सेंटर्स से सोन चिरैया देने के लिए तैयार हो गई है, जिन्हें ग्वालियर के घाटीगांव और मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य में छोड़ा जाएगा।ग्वालियर का घाटीगांव अभयारण्य कभी सोन चिरैया का मुख्य ठिकाना हुआ करता था, जिसे 1981 में इसी उद्देश्य से अधिसूचित किया गया था।

# रवेली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, सभापति ने बैग देकर बच्चों को मिठाई खिलाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,20 जून।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रवेली के प्राथमिक विद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव जी के मंशानुसार नए शिक्षा सत्र में सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, दो सेट स्कूल ड्रेस और पुस्तक प्रदान करके प्रतिदिन विद्यालय आने और खूब मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया, शिक्षा के क्षेत्र में शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी छात्र- छात्राओं एवं पालकों को दिया गया एवं शासन के द्वारा किये जा रहे नवाचार जिससे बच्चों में संस्कार का सृजन होगा उनसे उपस्थित सभी लोगों को अवगत करवाया गया, सभापति प्रणव शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया साथ ही कक्षा पांचवीं में उत्तीर्ण रिज्यपाल ने स्केटिंग खिलाड़ी को किया सम्मानित

वद्यार्थियों को बैग, कॉपी पेन देकर बिदाई दिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एस एम सी अध्यक्ष टिकेंद्र वर्मा, सरपंच लता ताराचंद वर्मा, जागेश्वर साहू, लुकेश्वरी साहू, ताराचंद वर्मा, पंचगण- सूधा वर्मा, मोहनी साहू, रमेश कुमार सोनवानी, गीतू साहू, प्रेमा वर्मा, रेखा ठाकुर, संतोष यादव, गोमती साहू, भीम सिंह साहू, भूषण लाल साहू, संदीप वर्मा, सदस्य गोविन्द वर्मा, लोकेश्वरी साहू, चमेली साहू, मालती साहू, जानकी यादव, मिलन विश्वकर्मा, गोविन्द, सविता निषाद, प्रशांत शर्मा अध्यक्ष पालक समिति सेजस विद्यालय घुघुवा क, खिलेश वर्मा संकुल समन्वयक, पालकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने स्केटिंग खिलाड़ी को किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 20 जून।** रिसाली निवासी 12 वर्षीय स्केटिंग खिलाड़ी कुमारी खुशी चंद्रपुरिया को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए राज्यपाल रमेन डेका द्वारा सम्मानित किया गया। खुशी वर्तमान में कक्षा सातवीं की छात्रा हैं। कम उम्र में ही खुशी ने स्केटिंग में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने देशभर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अब तक 14 पदक जीते हैं, वहीं विदेश में आयोजित प्रतियोगिताओं में दो पदक अपने नाम किए हैं। खुशी ने बताया कि उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना और भविष्य में ओलंपिक में भाग लेना है। सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रकाश गेडाम ने भी राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट की।



**भिलाई। जीवन की राह में एक-दूजे का सहारा। बुजुर्ग दंपती का अटूट साथ**

## एक नजर



### चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 20 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई घर में चोरी करने वाले तीन आरोपी एवं चोरी का माल खरीदने वाली एक आरोपिया को पाटन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने के जेवर एवं नगदी सहित कुल 1 लाख 43 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की गई है एसीसीयू दुर्ग एवं थाना पाटन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है पाटन एसडीओपी अनुप लकड़ा ने बताया कि प्रार्थिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर से अज्ञात आरोपियों ने सोने चांदी के जेवरात की चोरी की है शिकायत के बाद पुलिस की टीम लगातार जांच में जुटी हुई थी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर 19 जून को संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों मानुष टंडन निवासी सतनामी पारा ग्राम तर्री घाट थाना पाटन, अजित बंधेल सतनामी पारा ग्राम सावनी, खिलेश्वर पटेल निवासी पटेल पारा ग्राम सावनी ने चोरी करना स्वीकार किया और जेवर रायपुर निवासी महिला सिल्की देवांगन निवासी चंगोरा भाटा थाना राजेंद्र नगर जिला रायपुर को बेचने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों एवं खरीददार महिला के कब्जे से एक सोने का गुलबंद, एक जोड़ी सोने की इयररिंग, रकम 10000 रुपए जब्त किए

### ट्रेडिंग कंपनी में निवेश का झांसा, गिरफ्तार



**भिलाई, 20 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई ट्रेडिंग कंपनी में निवेश का झांसा देकर 25 लाख रुपए का ठगी करने वाले दंपत्ति को जामुल थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि फातिमा अहमद उर्फ स्वाती ने नेहरु भवन के पास अनाज लाइन सुपेला निवासी पवन हरिहर सिंह और उसकी पत्नी पिंकी सिंह ने स्वयं को फाइनेंशियल कंसलटेंट बताकर ट्रेडिंग कंपनी में रकम निवेश करने का झांसा दिया पीडिता ने 25 लाख रुपये निवेश कर दिया पीड़िता की सहेली रजनी बारसकर के सोने के जेवरात प्राप्त कर गिरवी कर 15 लाख रुपये प्राप्त किया ठगी के बाद पत्ति फरार हो गए थे पुलिस को मुखबिर की सूचना पर पवन हरिहर सिंह एवं पिंकी सिंह को घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ में दोनो ने स्वीकार किया कि निवेश का लाभदिखाकर ठगी किया है ।

### स्कूल में चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 20 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपारा स्थित एक निजी स्कूल में सेंधमारी कर चोरी करने वाले आरोपी को जामुल थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी ने स्कूल परिसर से पांच सिलिंग फैन और एल्यूमिनियम की पट्टियां चोरी कर ली थीं पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गणेश डहरे उर्फ जुडीर को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है।

### अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को होगा भुगतान, पहले जमा करना होगा शपथ पत्र

**दुर्ग, 20 जून ।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कुल 65 पात्र दम्पत्तियों को योजना का लाभ प्रदान करने हेतु स्वीकृति दी गई है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के तहत अंतर्जातीय विवाह करने वाले दम्पत्तियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। छत्तीसगढ़ अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना नियम 1978 (संशोधित 2019) के प्रावधानों के अनुसार प्रोत्साहन राशि के भुगतान से पूर्व सभी पात्र दम्पत्तियों से 10 रुपये के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर राशि प्राप्ति संबंधी शपथ पत्र प्राप्त किया ।

# शासकीय कॉलेज मचांदूर में सफाई कर्मी व चौकीदार नहीं, जनभागीदारी समिति ने विधायक से की मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,20 जून।** शासकीय महाविद्यालय मचांदूर में आधारभूत सुविधाओं के अभाव एवं सीमित विषयों के कारण विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है। कॉलेज में साफ-सफाई व रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए कर्मचारियों का पद स्वीकृत न होने से परिसर की व्यवस्था चरमराई हुई है। वहीं विज्ञान व कला संकाय में विषयों की कमी से ग्रामीण क्षेत्र की छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए भटकने को मजबूर हैं।इस समस्या को लेकर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु एवं कॉलेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सीता राम यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग ग्रामीण के विधायक कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री ललित चंद्राकर से मुलाकात कर महाविद्यालय की वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

सफाई व सुरक्षा व्यवस्था ठप कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि महाविद्यालय परिसर बड़ा है, प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं। लेकिन शासकीय मद में राशि उपलब्ध न होने के कारण सफाईकर्मी व रात्रिकालीन चौकीदार की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इससे कक्षाओं, शौचालयों व परिसर में गंदगी जमा हो रही है। साथ ही बहुमूल्य उपकरणों,फर्नीचर व लैब सामग्री की रात्रि में सुरक्षा नहीं हो पा रही है। विज्ञान संकाय में केवल गणित,छात्राएं पलायन को मजबूर वर्तमान में कॉलेज के विज्ञान संकाय में केवल गणित विषय संचालित है। बायोलॉजी/बायो विषय न होने से 12वीं के बाद हृश्वश्चद्म, कृषि, फार्मेसी,नर्सिंग आदि क्षेत्र में जाने की इच्छा रखने वाली छात्राओं को मचांदूर से बाहर अन्य कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ रहा है। ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की छात्राएं दूरस्थ कॉलेज में न तो पढ़ पा रही हैं, न ही हॉस्टल खर्च वहन कर पा रही हैं। परिणामस्वरूप कॉलेज में छात्राओं की संख्या निरंतर कम हो रही है।3. कला संकाय में विषय सीमित,छात्रों का रुझान कम कला संकाय में अभी केवल अर्थशास्त्र,राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विषय ही पढ़ाए जा रहे हैं। साहित्य,इतिहास,भूगोल जैसे लोकप्रिय विषयों के अभाव में छात्रों के पास विषय चयन के विकल्प सीमित रह गए हैं। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु ने मांग रखी कि ÷अगर कला संकाय में हिंदी साहित्य विषय प्रारंभ किया जाए तो स्थानीय स्तर पर हिंदी साहित्य,प्रतियोगी परीक्षाओं व शिक्षक पात्रता की तैयारी करने वाले छात्रों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी होगी।इसलिए इस विषय की मांग सर्वाधिक है।वधायक ने दिया आश्वासन समस्याएं सुनने के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालयों को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सफाई व सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति हेतु जनभागीदारी निधि/स्थानीय निधि से अस्थायी व्यवस्था कराने एवं नए विषयों की स्वीकृति के लिए उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। ÷बेटियों को बायो पढ़ने बाहर न जाना पड़े और छात्रों को हिंदी साहित्य घर पर ही मिले, इसके लिए मैं शासन स्तर पर प्रयास करूंगा÷ - विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले विज्ञान संकाय में बायोलॉजी एवं कला संकाय में हिंदी साहित्य विषय स्वीकृत कर, आवश्यक शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। साथ ही कॉलेज के रखरखाव हेतु सफाईकर्मी व चौकीदार के पद स्वीकृत कर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु कॉलेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सीताराम यादव, नवाब खान, फलेंद्र सिंह राजपूत अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मचानदूर,सफीर खान,सहित पदाधिकारी, सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सेवा का जुनून ही लाएगा बदलाव, लायन्स क्लब की नई टीम ने ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 जून।** लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय लायन अनिल अग्रवाल, शपथ अधिकारी के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रंजना क्षेत्रपाल तथा विशेष अतिथि के रूप में क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट लायन अनिता अग्रवाल उपस्थित रहीं। शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा भारत माता एवं लायन्स क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक सर मेल्विन जोन्स के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। ध्वज वंदना लायन मंजू बंसल ने की। स्वागत भाषण लायन बबीता सोनी ने दिया, जबकि लायन लता अग्रवाल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शपथ अधिकारी लायन रंजना क्षेत्रपाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सेवा, समर्पण और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन मंजू शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आगामी सत्र की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। विशेष अतिथि लायन अनिता अग्रवाल ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि सेवा कार्यों में ममता, नम्रता और समता का भाव होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक सहयोग ही सेवा नहीं है, बल्कि आत्मीयता और संवेदनशीलता भी किसी के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। मुख्य अतिथि लायन अनिल अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाजसेवा के प्रति जुनून और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सदस्यों से सेवा कार्यों को नए आयाम देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन लायन रितु अग्रवाल तथा आभार प्रदर्शन लायन सुनीता बल्लेवार ने किया। समारोह में लायन मंजू शर्मा ने अध्यक्ष, लायन रितु अग्रवाल ने सचिव, लायन ऊषा अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष, लायन सुनीता शर्मा, लायन अनिता पाण्डेय एवं लायन सरोज अग्रवाल ने उपाध्यक्ष, लायन प्रभा पटेल ने सह सचिव, लायन बिमला अग्रवाल ने सह कोषाध्यक्ष, लायन अर्चना गुप्ता ने पीआरओ, लायन सुनीता बल्लेवार ने टेमर तथा लायन लता अग्रवाल ने टेल ट्विस्टर पद की शपथ ली।



### बीआरएम ने बनाया नया उत्पादन रिकॉर्ड

**भिलाई, 20 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल ने 18 जून को 16 एमएम टीएमटी बार श्रेणी में 4057 टन (1972 बिलेट्स) उत्पादन कर नया एकदिवसीय कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले 12 फरवरी 2026 को 4046 टन उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया गया था।इस उपलब्धि पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक शाश्वत मोहंती, शिखर तिवारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी टीम को शुभकामनाएं दीं।



### कोहका मंगल बाजार क्षेत्र में गंदगी से लोग परेशान

**भिलाई, 20 जून।** कोहका स्थित मंगल बाजार क्षेत्र में बदहाल सफाई व्यवस्था और फैली गंदगी को लेकर स्थानीय नागरिकों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। भाजपा प्रदेश संवाद प्रमुख, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की शारदा गुप्ता ने आरोप लगाया कि पूरे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। नालियां जाम होकर बजबजा रही हैं और जगह-जगह कचरे के ढेर लगे होने से रहवासियों को दुर्गंध और बीमारियों का खतरा सता रहा है। इस संबंध में कन्हैया सोनी, रमेश देशमुख, टिकेंद्र कुमार, अमरेंद्र शर्मा, रवि सिंह, विनोद उपाध्याय, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, बृजमोहन उपाध्याय, वीरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने निगम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### कोहका मंगल बाजार क्षेत्र में 21 जून को जलापूर्ति रहेगी बाधित

**भिलाई, 20 जून।** कोहका मंगल बाजार ओएचटी में रिसाव की समस्या के संधारण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि 20 जून को क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति की जाएगी। इसके बाद ओएचटी के जॉइंट को खोलकर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। संधारण कार्य के चलते 21 जून 2026 (रविवार) को मंगल बाजार ओएचटी से जुड़े क्षेत्रों में जलापूर्ति पूरी तरह प्रभावित रहेगी।

# निगम का पौधारोपण अभियान जारी सेक्टर 4 उद्यान में लगाए गए पौधे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 20 जून।** नगर निगम द्वारा शुक्रवार को जोन.5 क्षेत्रांतर्गत सेक्टर.04 स्थित सड़क क्रमांक 25 एवं 26 के मध्य उद्यान में पौधारोपण किया गया कार्यक्रम में जोन आयुक्त अजय गौर के नेतृत्व में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद ईश्वरी नेतामए पूर्व पार्षद रिंकू साहूए उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहूए सहायक अभियंता श्वेता महेश्वरए उप अभियंता शंकर सुमन मरकामए सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्रामए जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबेए पर्यावरण मित्र मंडल से बालूराम वर्मा एवं अन्य संस्था के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उद्यान अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने एवं आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

# 5.38 करोड़ की जलापूर्ति परियोजना की फाइल गुम होने की शिकायत निकली निराधार

**भिलाई, 20 जून।** नगर निगम की 5.38 करोड़ रुपये की जलापूर्ति परियोजना से संबंधित फाइल के गुम होने की शिकायत जांच में निराधार पाई गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फाइल सुरक्षित है और वर्तमान में जोन-3 कार्यालय में उपलब्ध है। मामले की जानकारी मिलते ही निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को फाइल की स्थिति स्पष्ट करने और जांच के निर्देश दिए थे। आयुक्त के निर्देश पर की गई जांच और पूछताछ में सामने आया कि जलापूर्ति परियोजना से संबंधित फाइल गुम नहीं हुई थी। विभिन्न जोन कार्यालयों में आवश्यक प्रक्रिया और अनुमोदन के दौरान फाइल संबंधित अधिकारियों के पास से होकर वर्तमान में जोन-3 कार्यालय में सुरक्षित रखी गई है। निगम अधिकारियों के अनुसार, फाइल का परीक्षण और अनुमोदन प्रक्रिया जारी है तथा आगे की कार्रवाई के लिए इसे अधीक्षण अभियंता के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### पाचन तंत्र संबंधी रोगों पर स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित

भिलाई, 19 जून। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति जागरूकता के लिए 17 जून को मानव संसाधन विकास केंद्र के सम्मेलन कक्ष में पाचन तंत्र रोगों के चेतावनी संकेत विषय पर एक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

# कृषि विभाग की उड़नदस्ता टीम की कार्रवाई, 135 केंद्रों की जांच, अमानक खाद जब्त, 7 विक्रेताओं को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 20 जून ।** खरीफ सीजन 2026 को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार कृषि विभाग के जिला स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा विभिन्न विक्रय केन्द्रों का सघन औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन कर व्यवसाय करने वाले विक्रय केंद्रों पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जब्ती की कार्यवाही की गई है। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 135 निजी एवं सहकारी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा चुका है। जांच के दौरान स्टॉक संधारण में गड़बड़ी, उर्वरक (नियंत्रण) 1985 के नियमों का उल्लंघन कर विक्रय किये जाने पर 07 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, एवं 03 विक्रय केंद्र फालेन्द्र कृषि केन्द्र सेलूद में 18.5 लीटर, शीतल कृषि केन्द्र रानीतराई 19 लीटर, देवेश साहू कृषि केन्द्र धमधा में 5 लीटर बायो स्टीम्यूलेंट, उर्वरक अनुज्ञप्ति में अतिरिक्त स्त्रोत समावेश किये बिना विक्रय करते पाये जाने एवं मेसर्स ऋषभराज फर्टिलाईजर में 139 बोरी यूरिया, 144 बोरी एनपीके 11:30:14 बोरी व मेसर्स विद्या कृषि केन्द्र बोरी में यूरिया 504 बोरी, एस.एस.पी 470 बोरी, पोटाश 44 बोरी. ऑर्गेनिक मैन्योर 311 बोरी, बायो स्टीम्यूलेंट 1.8 किलोग्राम तथा मेसर्स कृषि सेवा केन्द्र, पाटन में यूरिया 224 बोरी, एनपीके 20:20:0:13 45 बोरी अधिक मूल्य पर विक्रय की अनियमितता पाये जाने के पर उल्लेखित उर्वरकों को जब्ती कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण भेजा गया है। वहीं 05 विक्रय केंद्रों से उर्वरक नमूना विश्लेषण हेतु भेजने पर परिणाम अमानक स्तर का पाया गया है उक्त अमानक उर्वरकों को जिले में विक्रय प्रतिबंधित कर पांचो विक्रेताओ को कारण बताओं नोटिस उर्वरक का विक्रय किये जाने के कारण विक्रय प्रतिबंद कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि किसानों को खाद-बीज की किल्लत पैदा करने वाले. कालाबाजारी करने वाले या बिना वैध दस्तावेजों के अमानक उर्वरक विक्रय करने वाले कृषि केन्द्रों पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यदि भविष्य में कोई भी विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है. तो उसका लाइसेंस निलंबित / निरस्त करने के साथ-साथ वैधानीक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी उर्वरक विक्रेताओं एवं समितियों को निर्देशित किया है कि किसानों को निर्धारित दर पर ही उर्वरक उपलब्ध कराएं तथा अधिक मूल्य वसूली की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। विभाग द्वारा खरीफ सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। निर्धारित दर से अधिक दाम पर विक्रय किए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। किसान भाई किसी भी प्रकार की उर्वरक वितरण में अनियमितता पाये जाने पर इसकी शिकायत नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय में कर सकते हैं।

## निधन

### जे.पी. शर्मा



**भिलाई, 20 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त जे.पी. शर्मा का 86 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास विवेकानंद कॉलोनी शांति नगर से रविवार को 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकली। वे संजय शर्मा कर्मचारी नेता नगर निगम व श्रीमती मंजू शर्मा राय के पिता पप्पू शर्मा, राजेन्द्र शर्मा,अजय शर्मा के चाचा तथा अनुराग एवं आदित्य शर्मा के दादा थे।

# सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन डोंगरगढ़ ने समस्याओं के निराकरण हेतु बीईओ को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 20 जून।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ द्वारा अध्यक्ष हीरालाल मोर्य के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु बीईओ श्रीनिवास मिश्रा जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मो. अमीन कुरैशी (प्रधानपाठक) शासकीय प्राथमिक शाला पुरैना, विकासखंड डोंगरगढ के प्रकरण पर कार्यालय में हुए व्यवहार पर संबंधित बाबू को बीईओ श्रीनिवास मिश्रा जी द्वारा समझाइश दी गई ?। तथा बीईओ श्रीनिवास मिश्रा जी द्वारा उनके कार्यकाल में ऐसी घटनाओ की पुनरावृत्ति नहीं होगी यह आश्वासन दिया गया।विकासखंड के समस्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिका का संधारण एवं अद्यतन कार्य शीघ्र ही संकुलवार पूर्ण कराया जाएगा। जिन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका अब तक अधतन नही हुआ है, उनका कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जााएगा ताकि भविष्य में वेतन निर्धारण क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान एवं पेंशन संबंधी समस्याएं उत्पन्न न हों। जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे ने बताया कि विगत 3 वर्षो से आज पर्यन्त तक परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित नही होने के कारण शिक्षकों की विभिन्न समस्याएं लंबित हैं, इसके निराकरण हेतु बीईओ श्रीनिवास मिश्रा जी आश्वासन दिया कि जुलाई माह में शीघ्र ही परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित कर समस्याओं का निराकरण की कार्यवाही की जाएगी।वीएसके एप की तकनीकी खामियों पर भी फेडरेशन ने नाराजगी जताई इसके उत्तर में बीईओ साहब द्वारा बताया गया कि तकनीकी खामियों का निराकरण जिला स्तर पर किया जाएगा अतः वीएसके एप में तकनीकी खामियों से घबराने की जरूरत नहीं है।फेडरेशन द्वारा पदोन्नत हुए शिक्षक साथियों के वेतन के अंतर की राशि का भी मुद्दा उठाया बीईओ साहब द्वारा इसका भी शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया । ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव मनीष बडोले, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र खोबरागड़े, जिला उपाध्यक्ष बंदिश नेमपांडे,करण माघवानी, ललित प्रताप सिंह, संजय खोबरागड़े, राजेश पंचभाई,बी एस राव, जितेंद्र डाहट, संतोष कुमार सहारे श्रवण कण्डरा, लक्ष्मण भगत,महेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, फगुराम साहू,मिथलेश वर्मा, संजय वर्मा ,कुलदीप राजनकर ,खिलावन निर्मलकर, पुरुषोत्तम रामटेके,श्रीमती पुष्पांजली चंद्राकर,व कई सदस्य उपस्थित थे।



## एक नजर

### बढ़ते औद्योगिक क्षेत्र में विकास कम, राजनीति अधिक

**तिल्दा-नेवरा 20 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में औद्योगिक विकास की संभावनाओं के साथ-साथ राजनीतिक गतिविधियां भी लगातार चर्चा का विषय बनी हुई हैं। क्षेत्र में कोयला, मुरूम तथा अन्य संसाधनों से जुड़े मुद्दों ने राजनीति को प्रभावित किया है, जिससे जनहित के विषय कई बार पीछे छूटते दिखाई देते हैं। राजनीति में कल तक एक साथ दिखाई देने वाले कई नेता आज अलग-अलग राजनीतिक दलों में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कांग्रेस सरकार के दौरान सक्रिय रहने वाले कुछ नेता वर्तमान में भाजपा से जुड़े हुए हैं। ऐसे बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच आम कार्यकर्ताओं में यह भावना देखने को मिलती है कि निष्ठा और समर्पण की अपेक्षा व्यक्तिगत हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों का मानना है कि तिल्दा-नेवरा के समग्र विकास, रोजगार, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं पर अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। बढ़ते औद्योगिक क्षेत्र के बावजूद सर्वसुविधायुक्त अस्पताल की कमी आज भी महसूस की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की अपेक्षा लगातार बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर, क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा विभिन्न विकास कार्यों को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, भवन एवं अन्य अधोसंरचना से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट क्षेत्र में संचालित हैं, जिनसे आने वाले समय में विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। तिल्दा-नेवरा के नागरिकों की अपेक्षा है कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर जनप्रतिनिधि और प्रशासन क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार सृजन पर प्राथमिकता के साथ कार्य करें, ताकि औद्योगिक विकास का लाभ आम जनता तक पहुंच सके।

### शिक्षा के मंदिरों में संस्कार और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

**तिल्दा-नेवरा 20 जून।** तिल्दा-नेवरा में दो स्कूली छात्रों के बीच हुए खूनी संघर्ष की घटना ने अभिभावकों, शिक्षकों एवं बुद्धिजीवियों को चिंतित कर दिया है। इस घटना ने बच्चों के बीच बढ़ती आक्रामकता, अनुशासनहीनता तथा नैतिक मूल्यों के क्षरण जैसे गंभीर विषयों को सामने ला दिया है। उक्त बात पूर्व जनभागी दारी समिति के अध्यक्ष पंडित नरेंद्र मालूराम शर्मा ने कही है श्री शर्मा ने बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार, अनुशासन, सहिष्णुता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना भी उसका प्रमुख उद्देश्य है। ऐसे में आवश्यक है कि शासन और शिक्षा विभाग विद्यालयों में नैतिक शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास के लिए ठोस कदम उठाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि विकासखंड के सभी स्कूलों में समय-समय पर बौद्धिक एवं आत्मचिंतन कार्यक्रम, नैतिक शिक्षा शिविर, परामर्श सत्र तथा अभिभावक-शिक्षक संवाद आयोजित किए जाने चाहिए। विद्यार्थियों के व्यवहार, मानसिक स्थिति एवं अध्ययन स्तर की नियमित समीक्षा कर उनकी कमजोरियों की जानकारी अभिभावकों को दी जानी चाहिए, ताकि समय रहते उचित मार्गदर्शन मिल सके। बुद्धिजीवियों का कहना है कि कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की नियमित निगरानी, काउंसलिंग और चरित्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे बच्चों में सकारात्मक सोच और आपसी सौहार्द का विकास होगा। तिल्दा-नेवरा की हालिया घटना एक चेतावनी के रूप में सामने आई है। समाज के विभिन्न वर्गों ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, छात्र परामर्श एवं अनुशासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। शिक्षा के मंदिरों में ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों का दीप भी प्रज्वलित रहे, तभी स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव होगा।

### जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिये वाहन सुविधा

**बलौदाबाजार 20 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में 21 जून 2026 को बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन ''स्वस्थ्य आयु के लिए योग'' आधारित थीम पर किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में आयोजित की जायेगी। योग में शामिल होने इच्छुक व्यक्तयों के लिये जिला प्रशासन द्वारा वाहन व्यवस्था की गई है। 21 जून को प्रातः 06:00 बजे से वाहन की व्यवस्था किया गया है। वाहन नगर भवन बलौदाबाजार, पं. चक्रपाणी हायर सेकेन्डरी स्कूल बलौदाबाजार, योग भवन पंचशील नगर बलौदाबाजार से रवाना होगी।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधा के लिए सरकार प्रतिबद्ध : उच्च शिक्षा मंत्री

## नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया गया अभिनन्दन,छात्र -छात्राओं को शिक्षण सामग्री व सायकिल वितरित

■ जिला ऑडिटोरियम में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**बलौदाबाजार, 20 जून।** शैक्षणिक सत्र 2026-27अंतर्गत शुक्रवार को जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा सहित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर अभिनन्दन किया गया। साथ ही छात्रों को शिक्षण सामग्री एवं सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर मिशन उत्कर्ष 2027 का भी शुभारम्भ किया गया।

मंत्री श्री वर्मा ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह हमेशा बने रहना चाहिए। गुणात्मक शिक्षा एवं स्कूलों में बेहतर सुविधाओं के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं। जिले में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये डीएमएफ से राशि स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया हैं जिससे 400 से अधिक शिक्षकों को मानदेय के आधार पर रखा जाएगा। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निष्ठा और लगन के साथ मेहनत करेंगे तो सफ्लता जरूर मिलेगी। कठिनाई और बधाओं से घबराना नहीं हैं बल्कि उसका डट कर मुकबला करना है और जीवन में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ अच्छे संगत भी महत्वपूर्ण है। यदि हमारी संगति अच्छे लोगों से नहीं होगी तो हम भी उसके संगत में रहकर उसी तरह बन जाएंगे।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है ताकि नवप्रवेशी बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सके। शाला प्रवेश उत्सव पूरे जिले में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गुणात्मक शिक्षा एवं 10 व 12 वी कक्षा में बेहतर परिणाम के लिये मिशन उत्कर्ष 2027 की शुरआत किया गया हैं।इसके अंतर्गत जिले के उत्कृष्ट व्याख्याताओं का विषयवार टीम बनाया गया हैं जो जिन स्कूलों में किसी बिषय के शिक्षक नहीं होने पर ऑनलाइन क्लास लेंगे। इसके साथ ही मॉडल प्रश्न पत्र तैयार कर हर माह बच्चों का टेस्ट लिया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा,भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, चित्ररेखा साहु, डीईओ संदीप शर्मा, डीएमसी नरेंद्र वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# जागृति योजना 2025 के अंतर्गत विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया



**तिल्दा नेवरा 20 जून।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन और राज्य विधिक सेवा बिलासपुर के तत्वाधान में माननीय अध्यक्ष जिला न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अविनाश कुमार दुबे जिला रायपुर के मार्गदर्शन में अध्यक्ष भावेश कुमार वट्टी तालुका विधिक सेवा समिति तिल्दा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा सिंधी पंचायत भवन सिंधी कैंप नेवरा में जागृति योजना 2025 के अंतर्गत वरिष्ठ जन अधिकार सशक्तिकरण और गरिमा विषय पर जानकारी प्रदान किया गया साथ ही नालसा एवं सालसा की निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया, नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2026 के अंतर्गत नागरिकों के संवैधानिक एवं विधि अधिकारों संरक्षण एवं सहायता संबंधी इसके अलावा माता-पिता भरण पोषण अधिनियम 2007 योजना की जानकारी प्रदान की गई तथा उनके उद्देश्यों से अवगत कराया गया उक्त कार्यक्रम में उपस्थित अमन वाधवा अधिवक्ता न्यायालय कर्मचारी मोहनलाल कंवर पैरालीगल वॉलिंटियर रिखी राम वर्मा एवं विभिन्न समाज की वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# नाबालिकों की खूनी रंजिश में एक की मौत दूसरा गंभीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 20 जून।** तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के सासाहोली में एक मामूली विवाद ने दर्दनाक रूप ले लिया। 9वीं कक्षा पास कर चुके 16 वर्षीय छात्र अमन यदु की चाकू लगने से मौत हो गई। घटना में घायल 15 वर्षीय किशोर का अस्पताल में उपचार जारी है। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे और आपस में दोस्त भी थे। पुलिस मामले की जांच और पूछताछ में जुटी है।बताया जा रहा है कि शुक्रवार को स्कूल से लौटते समय अमन ने किशोर को रास्ते में बुलाया। इसके बाद वह घर से सब्जी काटने वाला चाकू लेकर आया और किशोर के गले पर वार कर दिया। अचानक हुए हमले में घायल किशोर ने बचाव के दौरान वही चाकू छीन लिया और अमन पर पलटवार कर दिया। झड़प में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान अमन यदु की मौत हो गई। वहीं घायल किशोर को इलाज के लिए पहले मिशन अस्पताल ले जाया गया और बाद में रायपुर रेफर कर दिया गया, जहां उसकी स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है।पुलिस के अनुसार, दोनों किशोरों का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। घायल किशोर के पिता शिक्षक हैं। दोनों परिवार एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और दोनों के घर एक ही वार्ड में करीब 400 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। फिलहाल घटना की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है, मामले में कुछ और भी बड़े खुलासे होने के आसार हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक अमन यदु पिता राजकुमार यदु (16) और घायल किशोर सासाहोली गांव के वार्ड क्रमांक-1 के निवासी हैं। दोनों ने हाल ही में 9वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और एक ही स्कूल में अध्ययनरत थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि 9वीं की परीक्षा के दौरान घायल किशोर ने अमन को ÷मोटा÷ कहकर चिढ़ाया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था।

# स्वच्छता पर बैठक आहुत कर तालाब की सफाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 20 जून।** नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के शुक्रवार को स्वच्छता विभाग के अंतर्गत सफाई कामगार एवं स्वच्छता दीदीयों की बैठक आहुत कर वार्ड नंबर 23 सींगोला बांधा तालाब की साफ सफाई की गई। उक्त बैठक में शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने का संकल्प लिया गया।लिए अति आवश्यक बैठक रखा गया। इस अवसर पर रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के द्वारा अधिकारी / कर्मचारियों को समझाईश दी गई शहर की साफ सफाई की व्यवस्था को अतिआवश्यकता के अनुरूप किया जायें। शहर में घरों से निकलने वाले कचरों का निपटारन के लिए स्वच्छता दीदीयों को डोर-टू-डोर जाकर कचरा कलेक्शन किया जाना चाहिए। एवं स्वच्छता कर्मचारियों को प्रतिदिन नालियों की सफाई एवं सड़को का बहारन का कार्य का सुचारू रूप से किया जाना सुनिश्चित करेंगे। स्वच्छता अभियान के तहत चलाए जा रहे मिशन पर सीएमओ राजेश तिवारी उपाध्यक्ष नपा उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष सहित समस्त पार्षदगण व स्वच्छता प्रभारी तथा निकाय के कर्मचारीगण शामिल होकर शहर की आम जनता से अपील किया गया है कि घरों के कचरों का निपटारन के लिए डस्टबिन में गीला कचरा एवं सुखा कचरा के लिए अलग-अलग उपयोग कर स्वच्छता दीदीयों को दिया जाना चाहिए। जिससे हमर शहर स्वच्छ शहर सुंदर शहर होगा।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बछेराभाठा में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कलकसा (डोंगरगढ़ ) 20 जून।** संकुल स्त्रोत केंद्र बछेराभाठा अंतर्गत आने वाली शाला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बछेराभाठा में शाला प्रवेशोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया । कक्षा 5 वीं से कक्षा 6 वीं में आए नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत अभिनन्दन जैसे ही बच्चे विद्यालय में प्रवेश किए कक्षा 7 वीं एवं कक्षा 8 वीं के सीनियर बच्चों एवं शिक्षकों ने रंगोली सजाकर उनका स्वागत अभिनन्दन किया । आज प्रार्थना सभा में राष्ट्रगान , राष्ट्रगीत , दीपमंत्र , सरस्वती वंदना , गुरु मंत्र , महापुरुषों के जीवनी का वाचन किया गया , बच्चे बहुत उत्साहित नजर आए । तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर ,आरती उतारकर मुंह मीठा कर एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण कर भव्य स्वागत किया गया इस प्रकार शैक्षणिक सत्र 2026 -27 का बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से प्रतीकात्मक रूप से शुभारंभ किया गया एवं स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ला गढ़े बर, सब पढ़े सब बढ़े का संदेश भी दिया गया । आज शाला में न्योता भोज का भी आयोजन किया गया,मध्याह्न भोजन के समय भोजन मंत्र,अपराह्न में राजगीत, गायत्री मंत्र, शांति पाठ भी कराया गया इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती कविता धुर्वे ,संकुल समन्वयक अमृत दास साहू,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विष्णु साहू प्रधानपाठक सुश्री उषा किरण शाह, सदस्य चुरामन दास साहू,वासुदेव, श्रीमती प्रदेशनींन साहू ,रुखमणी कंडरा , टॉमिन यादव, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेश धुर्वे शिक्षकगण श्रीमती गंगेश गर्ग,धर्मेन्द्र कुमार वर्मा व पालकगण ने नवप्रवेशी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा नियमित रूप से विद्यालय आने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया,इस प्रकार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बछेराभाठा में शाला प्रवेशोत्सव बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया।

# राजस्व मंत्री ने जिले में सुपोषण बचपन अभियान का किया शुभारंभ

- बच्चों को पौष्टिक लड्डू खिलाकर कुपोषण से लड़ने किया प्रोत्साहित
- अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र के कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 6 दिन मिलेंगे पौष्टिक लड्डू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,20 जून।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषण की ओर ले जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सुपोषित बचपन अभियान की शुरआत की गई। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में सुपोषित बचपन अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक लड्डू खिलाकर कुपोषण से लड़ने और मजबूत बनने प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए एवं एक अच्छी सोच के साथ जिले में सुपोषित बचपन अभियान की शुरआत हुई है। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो देश का भविष्य भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पौष्टिक लड्डू में कई तरह के पौष्टिक सामग्री शामिल है जिसके सेवन से कुपोषण दूर होगा। मानसिक रूप से बच्चों को स्वस्थ रखने के लिये अच्छे संस्कार देना भी जरुरी है।माता अपने बच्चों को प्रेम के साथ ही साथ अनुशासन भी सिखाएं और एक अच्छा नागरिक बनाएं।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बताया कि जिले के 1626 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1500 केंद्रों में लगभग 9000 बच्चे कुपोषित है जो बड़ी संख्या है। बच्चे देश के भविष्य है और उनका सुपोषित होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि इन सभी 9000 कुपोषित बच्चों को अगले 6 माह में सुपोषित करने हेतु कार्ययोजना बनाई गई है. सुपोषित बचपन अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 6 दिन एक- एक पौष्टिक लड्डू दिया जाएगा। यह पौष्टिक लड्डू स्थानीय स्तर पर समूह की महिलाओ द्वारा तैयार किया जाएगा। इस पौष्टिक लड्डू का निर्माण गेहूं,बेसन, रागी,मुनगा पॉवडर,गुड़, तिल,मूंगफ्ली जैसे उच्च पौष्टिक पदार्थ से किया जाएगा। प्रातः 10 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र में ही सहायिका द्वारा बच्चों को लड्डू खिलाई जाएगी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका प्रति दिन गृह भेंट अंतर्गत बच्चों के घर जाकर उनके माता पिता को बच्चे की सही देख- भाल,समय पर पौष्टिक देने के सम्बंध में जागरूक करेंगे।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सभी 1200 गंभीर कुपोषित बच्चों का चिरायु टीम के द्वारा कार्ड बनाया जाएगा। सबसे पहले इनका पीएच सी एवं सीएचसी में स्वास्थ्य परीक्षण होगा। स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर आवश्यक दवाई दिया जाएगा। इसके साथ ही हर एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा।भर्ती हेतु 15 -15 दिन के लिए बच्चों का लिस्ट तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा,भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,नगर पालिका उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महले, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में बच्चे एवं माता उपस्थित थे।



# पेड़ कटाई की कराई गई जांच दोषियों पर होगी कार्रवाई

**बलौदाबाजार 20 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वन मण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार सुश्री एकता कर एवं कर्मचारियों, वन प्रबंधन समिति के सदस्यों, ग्राम मुडियाडीही के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संबंधित क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 25 नग सागौन वृक्षों के ठूंठ पाए गए, जिनमें से 06 नग ठूंठ नवीन रूप से कटे हुए पाए गए। जांच उपरांत प्रकरण में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 15649/03, दिनांक 17/06/2026 को पंजीबद्ध किया गया है तथा प्रकरण की विस्तृत जांच कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार सुश्री एकता कर द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार वन परिक्षेत्र अंतर्गत अत्यधिक संख्या में सागौन वृक्षों की कटाई जांच के दौरान प्रमाणित नहीं पाए गए।वनमण्डलाधिकारी के निर्देशानुसार में वनमण्डल क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण, अवैध उत्खनन, अवैध कटाई तथा अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। वन एवं वन संपदा की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इस दिशा में निरंतर निगरानी एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

## एमपी के बाद झारखंड में कांग्रेस को झटका

राजनीति में हर गलती एक सबक सिखा कर जाती है,सीखने वाले एक गलती से ही सबक सीख जाते हैं और जो गलती को गलती मानते नहीं है, वह गलती के बाद गलती करते चले जाते है और अपना और पार्टी का नुकसान करते रहते हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के लिए हार भी जीत मानी जाती है,इसलिए कांग्रेस नेताओं को हार पर कोई दुख नहीं होता है, उन्हें निराशा नहीं होते हैं कि हम बार बार हार रहे हैं क्योंकि राहुल गांधी की फिलासफी के अनुसार को कांग्रेस हारती नहीं है,उसे हराया जाता है,कांग्रेस हारती नहीं है, उसके वोट चोरी कर लिए जाते हैं, कांग्रेस हारती नहीं है, उसकी सीट चोरी कर ली जाती है। जब राहुल गांधी ही हार से कोई सबक नहीं लेते है तो कांग्रेस के बाकी नेता कैसे ले सकते हैं, वह भी अपने नेता के नक्शे कदम पर चलते हैं। कोई भी चुनाव हो वह जानते हैं कि वह हारते नहीं उनको तो हराया जाता है, वह जानते हैं कि उनको फिर हराया जाएगा फिर भी वह ऐसा कुछ नहीं करते हैं कि उनको हराया न जा सके।वह हार जाते हैं कि हार ही में जीत है। मप्र में राज्यसभा का चुनाव हुआ।स्थानीय नेताओं की पसंद की जगह राहुल गांधी की पसंद की नेता मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया गया।सब मानकर चल रहे थे कि राहुल गांधी की पसंद की प्रत्याशी हैं तो उनका जीतना तो तय है. उनको विरोध कोई नहीं कर सकता। संख्या पूरी है तो हार का सवाल ही नहीं है।उनको हराने की कोई सोच नहीं सकता। मप्र के किसी नेता में हिम्मत नहीं है कि मीनाक्षी को हराने के लिए कोई साजिश कर सके।कांग्रेस को कई बार कांग्रेस ही हराती आई है और इस बार कांग्रेस को कांग्रेस ने ही हरा दिया।एक उनका नामांकन फार्म ठीक से नहीं भरा गया और दूसरा जानते हुए भी डमी प्रत्याशी खड़ा नहीं किया गया कि अचानक कुछ हो जाए तो कांग्रेस को दूसरा प्रत्याशी तो जीते। एक जरा सी गलती से मीनाक्षी का नामांकन निरस्त हुआ और डमी प्रत्याशी नहीं होने के कारण भाजपा ने जो तीसरा प्रत्याशी खड़ा किया था वह जीत गया। यानी जिनके सौ प्रतिशत जीतने की उम्मीद थी वह हार गया या हरा दिया गया और जिसके एक प्रतिशत जीतने की उम्मीद नहीं थी वह जीत गया या जिता दिया गया और राहुल गांधी को बता दिया गया कि आप प्रत्याशी चुन सकते हो लेकिन उसे जिता नहीं सकते।हम प्रत्याशी नहीं चुन सकते लेकिन हम हमारी पसंद का प्रत्याशी न हो उसे कैसे भी हरा सकते हैं। मप्र में कांग्रेस प्रत्याशी को हरा दिया गया लेकिन कांग्रेस ने इसे अपनी गलती या लापरवाही नहीं माना। वह भाजपा पर आरोप लगाती रही कि भाजपा ने हरा दिया।कांग्रेस को अपनी प्रत्याशी के हारने का दुख नहीं लेकिन भाजपा पर आरोप लगाने का मौका मिला इससे वह खुश रही।राहुल गांधी को कोई गुस्सा नहीं आया वह यह कहकर खुश हो गए कि अब भाजपा सीट चोरी कर रही है। उन्हें कोई यह बताने वाला नहीं था कि सीट चोरी हुई है तो उसमें कांग्रेस नेताओं की लापरवाही भी एक कारण है। सीट चोरी हो सकती है तो उसे रोकना कांग्रेस का काम है और कांग्रेस सीट चोरी नहीं रोक सकी है तो यह उसकी कमजोरी है।वह कमजोर है या सीट चोरी होने देना चाहती है इसलिए सीट चोरी होती है, वोट चोरी होती है।झारखंड में भी कांग्रेस प्रत्याशी के हारने की कोई उम्मीद नहीं थी। वहां भी कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए जितनी संख्या की जरूरत थी उतनी संख्या थी।सरकार अपनी थी,पुलिस अपनी थी, भाजपा ने अपना प्रत्याशी खड़ा नहीं किया था। भाजपा निर्दलीय को समर्थन कर रही थी,यह जानते हुए भी समर्थन कर रही थी कि वह हार सकता है क्योंकि संख्या पूरी नहीं थी।यहां क्रास वोटिंग से ही कांग्रेस प्रत्याशी हार सकता है यह सब जानते थे इसके बाद भी ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की जा सकी कि इंडिया गठबंधन के विधायक क्रास वोटिंग न कर सकें। मप्र की तरह झारखंड में भी कांग्रेस का प्रत्याशी हर तरह से जीतने योग्य होकर भी हार गया। उसे २८ वोट मिलने थे २० मिले और जिसके पास बीस वोट थे उसको २८ मिल गए। कांग्रेस व राहुल गांधी कह सकते हैं कि हम हारे नहीं है,हमको हराया गया है।सच तो यह है कि कांग्रेस जीत सकती है लेकिन जीतने के लिए जो कुछ करना होता है,वह करती नहीं है इसलिए हारती है, वह जीतने लिए बहुत कुछ करना पड़ता है, यह मानकर चलना पड़ता है कि हमको हराया जा सकता है, जानने का प्रयास करना पड़ता है कि कैसे हराया जा सकता है।कहीं नामांकन गलत भरकर हराया जा सकता है,कही क्रास वोटिंग कर हराया जा सकता है। हारने वाले को पता करना पड़ता है कि वह कैसे जीत सकता है और वह वैसा करता है और जीत जाता है। हारनेवाला जीतना चाहता है, इसलिए वह जानता है कि कैसे जीता जा सकता है और वैसा करके जीत भी जाता है।मप्र में हारने वाला जैसे जीता,झारखंड में हारने वाला वैसे ही जीता है।मप्र में जीतने वाले जैसे हारे, झारखंड में उसी तरह जीतने वाले हारे।जब नामांकन भरा जा रहा था तो कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल भाजपा का मजाक उड़ा रहे थे झारखंड में भाजपा के पास प्रत्याशी तक नहीं है।आज भाजपा वाले हंस रहे हैं कि भूपेश को आलाकमान जहां भी कांग्रेस को जिताने भेजते हैं, वहां कांग्रेस जरूर हार जाती है।

विश्लेषण

# बलात्कारियों का सम्मान करने वाला 'अद्भुत समाज'

निर्मल रानी

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारतीय प्रेस परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने दिसंबर 2012 में दिल्ली में एक सेमिनार के दौरान कहा था कि "मैं कह सकता हूं कि नब्बे प्रतिशत भारतीय बेवक़ूफ़ होते हैं। उनके सिर में दिमाग़ नहीं होता। उन्हें आसानी से बेवक़ूफ़ बनाया जा सकता है, उन्हें धर्म के नाम पर शरारती तत्वों द्वारा आसानी से गुमराह किया जा सकता है"। परन्तु अपने इस कथन के 12 वर्षों बाद यानी 2024 में जस्टिस काटजू ने मूर्खों के प्रतिशत में और इज़ाफ़ा करते हुये कहा कि अब वे 95 प्रतिशत भारतीयों को मूर्ख कहते हैं क्योंकि भारत अब "वास्तविक हिंदू राज्य" बन गया है। जस्टिस काटजू के इस कथन को परखने के लिये यदि हम धर्म व अध्यात्म की ध्वजा बुलंद करने वालों की हक़ीक़त को देखें तो यह हमें केवल मूर्ख या महामूर्ख ही नहीं लगते बल्कि अत्यंत निम्न स्तरीय सोच रखने वाले तथा सनातन धर्म,भारतीय समाज व पूरे देश को बदनाम करने वाले भी नज़र आते हैं। मिसाल के तौर पर बलात्कारियों का सम्मान होते,उनका महिमामंडन होते व उनकी शोभा यात्रा निकलते कहीं नहीं देखा गया होगा। यह अद्भुत दृश्य केवल विश्वगुरु भारत के ही 'अद्भुत समाज' में देखने को मिलेगा। आज देश में कई स्वयंभू साधू संत बलात्कार व हत्या जैसे जुर्म में जेल में सज़ायें भुगतते देखे जा सकते हैं। देश की अदालतों ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर ऐसे अलग अलग बलात्कारी बाबाओं को सज़ा सुनाने का साहस कर क़ानून की रक्षा करने का काम क्या है। परन्तु आश्चर्य है कि ऐसे धर्माचार्यों व स्वयंभू अध्यात्मवादियों की काली करतूतें जानने के बावजूद उनके भक्तजनों में उनके प्रति अभी भी मोह कम नहीं हुआ है। ऐसे लोग यही कहते नज़र आएंगे कि 'हमारे गुरु जी को ग़लत फंसाया गया है।' मर्द भक्तों की तो छोड़िये महिलाएं भी ऐसे बलात्कारी बाबाओं की भक्ति व उनके महिमामंडन में सबसे आगे नज़र आती हैं। और अब तो संभवतः ऐसे बलात्कारी बाबाओं के महिमामंडन से ही प्रेरणा लेकर धार्मिकता का चोला पहने या धार्मिक संगठनों एवं धर्म के नाम पर अन्य रसूख़दार बलात्कारियों की भी 'शोभा यात्रा' निकाली जाने लगी है। बलात्कार की शिकार लड़की का धर्म देखकर बलात्कारियों की पैरवी की जाने लगी है। क्या ऐसा कर अपराधियों को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है ?



3 मार्च 2002 की गुजरात अहमदाबाद के नज़दीक रणधीकपुर गाँव में की वह भयानक घटना कौन भूल सकता है जिसमें मुस्लिम समाज की 21 वर्षीय युवती बिल्क़ीस बानो जोकि उस समय 5 महीने की गर्भवती भी थीं के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था ? बिलक़ीस बानो के परिवार के 14 सदस्यों की हत्या भी कर दी गई थी जिसमें बिलक़ीस की 3 वर्ष की मासूम बेटी भी शामिल थी । इस मामले में मुंबई में सीबीआई की विशेष अदालत ने 11 आरोपियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने हत्यारों बलात्कारियों की दोषसिद्धि को बरक़रार रखा था । परन्तु गुजरात सरकार ने अपनी क्षमा नीति के तहत 11 दोषियों की रिहाई की मंज़ूरी दे दी और 15 अगस्त 2022 को ही दोषियों को रिहा कर दिया। अफ़सोस की बात यह कि इनकी रिहाई के बाद दोषियों का जेल के बाहर ही इनके समर्थकों द्वारा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया । जगह जगह मिठाई बांटी गयी व उनके जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया गया । गुजरात के दाहोद ज़िले में तो वहां के लोगों ने दोषियों की 'शोभा यात्रा' निकाली और बलात्कारियों हत्यारों का खुला समर्थन किया । आख़िरकार 7 जनवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के दोषियों की समय पूर्व रिहाई के फ़ैसले को पलट दिया और उन्हें जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया । गोया हत्यारों बलात्कारियों के साथ हमदर्दी जताने के चलते सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष गुजरात सरकार को नीचा देखना पड़ा।

इसी तरह कश्मीर के कठुआ में जनवरी 2018 में एक 8 वर्षीय मुस्लिम लड़की आसिफ़ा बानो के साथ एक मंदिर के कमरे में पुजारी व उसके कई साथियों द्वारा सामूहिक बलात्कार किया गया था और उसकी हत्या कर लाश जंगलों में फेंक दी गयी थी। उस समय भी इन अपराधियों के समर्थन में हिंदूवादियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई थी और भाजपा के दो मंत्रियों ने आरोपियों का समर्थन किया था और बलात्कारियों के समर्थन में होने वाले धरना प्रदर्शनों व रैलियों में हिस्सा लिया था जिससे उस समय बड़ा राजनैतिक बवाल खड़ा हुआ था। इस घटना ने पूरे देश को भावुक कर दिया था। आम आदमी से लेकर बॉलीवुड स्टार तक बच्ची को इंसाफ़ दिलाने के लिए सामने आए थे। बाद में अदालत ने फ़ैसला सुनाते हुये इन्हीं 5 आरोपियों को दोषी ठहराते हुये जेल भेजा था। इसी तरह कई मामलों में जब किसी दलित लड़की के साथ किसी कथित उच्च जाति के लोगों द्वारा बलात्कार किया गया तो बलात्कारियों के पक्ष में उसके 'कथित 'उच्च समाज के लोग खड़े देखे गये। 14 सितंबर 2020 को हाथरस में एक दलित युवती के साथ हुआ सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्याकाण्ड इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उस समय यह घटना भी एक अत्यंत संवेदनशील और देशव्यापी चर्चा का विषय बन गयी थी।

और अब यही दुष्प्रवृति धर्म जाति से मुक्त होकर शायद आम बन चुकी है। ग़ाज़ियाबाद के मुरादनगर में हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति जिसपर अगस्त 2025 में एक क़ानून की पढ़ाई पढ़ने वाली हिन्दू छात्रा के साथ रेप का आरोप था,जब लगभग 9 महीने जेल में रहने के बाद 17 मई 2026 को ज़मानत पर छूटा तो जेल से छूटते ही उसके समर्थकों ने बाक़ायदा उसकी शान में गाड़ियों से विजय जुलूस निकाला। और उसके समर्थन में नरेबाज़ियाँ कीं। समर्थकों ने उसे माला पहनाई और फूल बरसाए। उसे कंधे पर बैठा लिया गया। उसके समर्थक "वी" साइन दिखाते और घटनाक्रम को मोबाइल में रिकॉर्ड करते नज़र आए। बाद में इस शर्मनाक घटना की सर्वस्व निंदा होने पर पुलिस ने जुलूस निकालने पर आरोपी और उसके समर्थकों पर मामला दर्ज किया। इस घटना ने भी उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा राजनीतिक सवाल खड़ा कर दिया। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर राज्य में भाजपा का सहयोगी सत्तासीन संगठन हिंदू युवा वाहिनी की नैतिकता और "बहनों की सुरक्षा" के दावे पर सवाल उठे थे। ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण वातावरण में पूरे देश के लिये ख़ासकर देश की मां बहनों के लिये यह सोचना अनिवार्य हो गया है कि हत्यारों व बलात्कारियों के बहिष्कार करने के बजाये आख़िर इन का सम्मान करने वाला हम कैसा 'अद्भुत समाज' तैयार कर रहे हैं।

## राशिफल

मेष राशि आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों में शुभ संकेत लेकर आया है। धन लाभ के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इस समय जरूरत से ज्यादा भरोसा करना आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। धन लाभ के मनचाहे अवसर आपको प्राप्त होने की अधिक संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही नहीं करनी है अन्यथा दिक्कतें आ सकती हैं।

वृषभ राशि आज का दिन नई शुरुआत करने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहद अनुकूल रहने वाला है। निवेश या योजनाओं में भी लाभ के संकेत मिल सकते हैं। लाभ के लिए नए मौके मिलेंगे और कार्यक्षेत्र में खुद को साबित करने के अवसर मिल सकते हैं। मेहनत का अच्छा परिणाम भविष्य में देखने को मिलेगा।

मिथुन राशि आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए रास्ते खोल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कामों में गति आएगी। भाई-बहनों के साथ रिश्तों में प्रेम और अपनापन बढ़ेगा, जिससे पारिवारिक माहौल भी सुखद बना रहेगा। करीबी लोगों के साथ हल्की नोकझोंक होने के संकेत हैं।

कर्क राशि कर्क राशि वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आज आपको हर कदम बेहद सोच-समझकर उठाने की जरूरत है। इसके अलावा जल्दबाजी में लिया गया कोई फैसला परेशानी बढ़ा सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को भी लाभ के अवसर मिल सकते हैं। वहीं कार्यक्षेत्र में बॉस की ओर से कोई महत्वपूर्ण सलाह या नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

सिंह राशि आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। कोई बड़ा पद, सम्मान मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता बढ़ सकती है। इस दौरान सभी आपके व्यक्तित्व से प्रभावित रहेंगे। करियर से जुड़ी परेशानियों को लेकर गुरुजनों से बात करेंगे। आपकी मेहनत आने वाले समय में अच्छे परिणाम दे सकती है।

कन्या राशि आज विद्यार्थियों के लिए दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। व्यापार या निवेश के लिए अनुभवी लोगों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। इसके अलावा लंबे समय से खोई हुई कोई प्रिय वस्तु वापस मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे मजबूती देखने को मिलेगी। वहीं आज किसी के आने से मन में खुशी और संतोष बना रहेगा।

तुला राशि आज वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जमीन-जायदाद के बंटवारे से जुड़ा कोई मामला कानूनी उलझन बढ़ा सकता है। किसी के साथ विवाद में आप फंस सकते हैं, इसलिए वाणी का ध्यान और धैर्यवान रहें। किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल जरूर करें।

वृश्चिक राशि वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन नए संकेत लेकर आया है। आज का दिन मेहनत और कार्यों की व्यस्तता से भरा रहेगा, इसलिए आप अपनों को समय कम दे पाएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुशासन और गंभीरता बनाए रखना आपके लिए सही रहेगा।

धनु राशि आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा और अच्छे परिणाम लेकर आने वाला है। परिवार में किसी शुभ कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिससे घर का माहौल खुशियों से भरा रहेगा। वहीं लंबे समय से जिस काम को लेकर आप प्रयास कर रहे थे, उसमें सफलता मिलने के आज संकेत हैं।

मकर राशि मकर राशि वालों के लिए दिन संतुलित रहने वाला है। आय के नियमित स्त्रोतों के साथ किसी अतिरिक्त माध्यम से धन लाभ मिलने की संभावनाएं बनेंगी। थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी। व्यवसाय के सिलसिले में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा संभव है। मकर राशि के लोग अपने दिनचर्या को भी संतुलित बनाए रखें।

कुंभ राशि कुंभ राशि वालों के निवेश से जुड़े मामलों के लिए दिन अच्छा माना जा रहा है। कोई बड़ा आर्थिक फैसला आपके पक्ष में जा सकता है। कोई वाहन खरीदारी या यात्रा का फैसला सोच-समझकर करें, क्योंकि आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती हैं।

मीन राशि आज आपके आसपास सकारात्मकता का माहौल बना रहेगा। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है। रुके हुए काम पूरे होंगे और समाज में प्रतिष्ठा बढ़ने के संकेत हैं। क्रश के साथ बातचीत भी आज मजबूत हो सकती है।

## सू- दोकू क्र.075

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.074का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -075

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल। 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 074 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

# नारी शक्ति का दशक, विकसित भारत का उत्कर्ष

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

देश के किसी भी गाँव, बस्ती या सुदूर इलाके में जाइए- हर घर की रसोई में एक जैसी बदली हुई हवा महसूस होगी 1 चूल्हे के जिस काले धुएँ ने कभी नई दुल्हन की आँखों में आँसू भरे थे, उज्ज्वला की नीली लौ ने उसे विदा कह दिया है। जो माँ कभी कोसों दूर से पानी ढोती थी, आज उसकी बेटी के पास 'हर घर जल' का अपना नल है। खेत के पीछे की वह शर्मनाक मजबूरी अब इतिहास है- आँगन में स्वच्छ भारत का शौचालय गरिमा के साथ खड़ा है। सिर पर पक्की छत है, और उसके मालिकाना हक पर पहली बार- घर की महिला का नाम लिखा है। पर्स में जन-धन की पासबुक है और फोन में यूपीआई का ऐप है।



यह किसी पोस्टर पर छपी कोई काल्पनिक तस्वीर नहीं, बल्कि मोदी सरकार के बारह वर्षों में महिला सशक्तिकरण का एक ऐसा सच है, जिसे देश की करोड़ों महिलाएँ हर रोज़ जी रही हैं। यह उस दौर की दास्तान है जिसमें Women Led Development के विजन के साथ भारतीय नारी विकसित भारत की शिल्पकार बन रही है।

इस बदलाव की विशालता को समझने के लिए एक दशक पीछे लौटिए। एक समय मातृ मृत्यु दर 212 थी। निर्भया जैसी घटना पर देश का आक्रोश सड़कों पर था, लेकिन व्यवस्था में नीतिगत इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता की कमी दिखाई देती थी। महिला आरक्षण विधेयक 1996 से चार बार अधर में लटका रहा और ट्रिपल तलाक पर दशकों तक कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई। चूल्हा साँसों में कालिख घोलता था। दूरस्थ हैंडपंप रोज़मर्रा की बेबसी का प्रतीक था 1 भारतीय नारी एक नई सुबह की प्रतीक्षा में अपने हिस्से की उम्मीद बचाए हुए थी 1

शुरुआत करते हैं सबसे पवित्र आँकड़े—जीवन का अधिकार से। देश में मातृ मृत्यु दर तेजी से घटकर 212 से 88 पर आ गई है। UN-MMEIG के अनुसार जहाँ वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में महज़ 48% की कमी आई, वहीं भारत ने 86% की ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की है। संस्थागत प्रसव 38.7% से बढ़कर 90.6% हो चुका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने चार करोड़ से अधिक माताओं के बैंक खातों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक सीधे हस्तांतरित कर सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की नींव मजबूत की है।देश में बने 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों ने महिलाओं को गरिमा दी 110.5 करोड़ से अधिक उज्ज्वला कनेक्शनों ने धुएँ से मुक्ति दी। आज 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल का पानी पहुँच चुका है—जबकि 2014 में महज 17% परिवारों के पास यह सुविधा थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 4 करोड़ घरों में से 73% घर महिलाओं के नाम पर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार सरकारी रिकॉर्ड्स पर माँ-बहनों का नाम गर्व से दर्ज है।

गरिमा से स्वामित्व आया, और स्वामित्व ने निर्णय लेने का आत्मविश्वास दिया। आर्थिक भागीदारी का यह विस्तार बैंक खाते से शुरू होकर उद्यमिता तक पहुँचा है 1 लगभग 56 करोड़ जन-धन खातों में 56% खाते महिलाओं के नाम पर हैं।

विश्व बैंक मानता है- भारत ने एक दशक में खाता-स्वामित्व के जेंडर गैप को शून्य पर ला दिया है, जो वैश्विक वित्तीय समावेशन के इतिहास में अभूतपूर्व है। मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक जमानत-मुक्त ऋणों में से 68% ऋण महिलाओं को मिले हैं। स्टैंड-अप इंडिया ने महिला उद्यमियों को 43,000 करोड़ रुपये से अधिक दिए हैं और "दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (SHGs) ने 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाई है।" निर्धारित समय से पहले 3 करोड़ बहनें 'लखपति दीदियाँ' बन चुकी हैं।




यह बदलाव शिक्षा और रोजगार में भी स्पष्ट है 1 देश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) वर्ष 2017-18 के 23.3% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 41.7% हो गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह भागीदारी 47.6% तक पहुँच चुकी है । सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अब तक 4.53 करोड़ खातों में 3.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है । उच्च शिक्षा में हमारा जेंडर समानता सूचकांक (GPI) 1 के पार है और STEM शिक्षा में बेटियों की भागीदारी 43% है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक में से एक है।

यह परिवर्तन केवल अनुभवों में नहीं, SRS, NFHS, PLFS, विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र—हर रिपोर्ट एक ही दिशा की ओर इशारा करती है: भारतीय महिला के लिए पहुँच बढ़ी है और आत्मनिर्भरता का नया आसमान खुला है।

इसी आर्थिक-सामाजिक चेतना का विस्तार राजनैतिक और लोकतांत्रिक भागीदारी में दिख रहा है। वर्ष 2019 के आम चुनावों में पहली बार महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में 31.2 करोड़ महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया—यह वैश्विक स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी थी 1 इसी के फलस्वरूप दशकों से लंबित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद में ऐतिहासिक सर्वसम्मति से पास हुआ। आज जमीनी स्तर पर 14.5 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधि पंचायतों का नेतृत्व कर रही हैं। देश की रक्षा की अग्रिम पंक्ति में भी महिलाएँ राफेल उड़ा रही हैं और नौसेना की कमान संभाल रही हैं।

मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 ने ट्रिपल तलाक पर प्रभावी रोक लगाई, जिससे ऐसे मामलों में 82% की कमी आई है।देशभर में स्थापित 973 वन स्टॉप सेंटर्स पर संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी सहायता और काउंसलिंग मिल रही है 1 Women Helpline-181 ने अब तक 1 करोड़ से अधिक महिलाओं की मदद की है । मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आँगनवाड़ी—ये नारी-नेतृत्व वाले भारत की रीढ़ हैं।

बेशक, महिला सशक्तिकरण की राह में अभी भी चुनौतियाँ हैं, जिन पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसके साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम आगामी परिसीमन की प्रक्रिया की प्रतीक्षा में है। हमारे गणतंत्र के इतिहास में पहली बार भारतीय महिला अब नीति निर्धारण के पटल पर केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि उसकी सक्रिय 'सह-निर्माता' है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में वह अब राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया की सहयात्री है, सहभागी है और सूत्रधार भी।

**(लेखिका भारत सरकार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं।)**

## एक नजर

### श्रमदान से ग्रामीणों ने बनाया अस्थायी पुल , पूर्व मंत्री ने बारिश के बाद पुल बनाने दिया आश्वासन



**बीजापुर, 20 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकास और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे बीजापुर जिले के ग्राम पंचायत पेद्दाकोड़ेपाल के आश्रित गांव कोयाईटपाल-डोगरीपारा के निवासियों ने अपनी सालों पुरानी आवागमन की समस्या को 200 ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर सामूहिक श्रमदान किया और बहते नाले पर लकड़ी का एक अस्थायी पुल बनाकर तैयार कर दिया। हर साल वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही यहां की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। नदी-नाले उफान पर आने से बच्चों का स्कूल जाना बंद हो जाता था और बुजुर्गों, मरीजों तथा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में भारी जोखिम उठाना पड़ता था। ग्रामीणों के इस सराहनीय प्रयास की भनक लगते ही भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक के.जी. सुधाकर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप तेलम और सहसंयोजक जितेंद्र तेलम मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों का हौसला बढ़ाया और इस गंभीर समस्या से पूर्व मंत्री महेश गागड़ा को अवगत कराया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने आज शुक्रवार को ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि जैसे ही वर्षा ऋतु समाप्त होगी, वैसे ही यहां छह मीटर लंबी नवीन पक्की पुलिया के निर्माण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ शुरू करा दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व मंत्री से मिले आश्वासन के बाद अब उन्हें उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनकी यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। पक्की पुलिया का निर्माण होने से न सिर्फ सुरक्षित आवागमन संभव होगा, बल्कि इस सुदूर वनांचल क्षेत्र के विकास को भी एक नई दिशा मिलेगी।झ

### बड़े देवड़ा में बाबा भैरव जात्रा के आयोजन में कुमार जयदेव हुए शामिल



**जगदलपुर, 20 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक अंर्तगत ग्राम बड़े देवड़ा में आज शुक्रवर को बाबा भैरव जात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास गांव के ग्रमीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस आयोजन में ग्रामीणों के आमंत्रण पर सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव विशेष रूप से सम्मिलित हुए और बाबा भैरव ,सहित मावली माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। बड़े देवड़ा के सरपंच सुमित्रा कश्यप ने बताया कि बड़े देवड़ा में भैरव बाबा का प्रसिद्ध मंदिर है, जिसमें आज शुक्रवार को जात्रा का आयोजन किया गया था , जिसमें सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव को शामिल होने विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उन्होने कहा कुमार जयदेव सहित अन्य लोग इस जात्रा में शामिल हुए यह गांव के लिए गौरव की बात है। कुमार जयदेव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित बनाए सामाजिक कुरीतियां नशापान से गांव के युवाओं को दूर रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा आदर्श ग्राम पंचायत का निर्माण करें सभी जाति धर्म में एकता प्रेम समभाव बनाए रखें। उन्होने देवी-देवताओं की परंपरा अनुसार पूजा पाठ एवं बस्तर की संस्कृति को बनाये रखने पर जोर देते कहा की यह हमारी आपकी सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान सुकमा जमीदार परिवार के कुमार जयदेव सहित सिंकदर सिंह, मुरली सिह, योगेश सिंह, मां दन्तेश्वरी मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार पाढ़ी, मावली पुजारी अनिल ठाकुर, पढ़यार,माड़पाल के पुजारी,अरुणा चौहान, मंजु ठाकुर, किरण ठाकुर, भारती ठाकुर, यशोदा ठाकुर, एम डी राठौर, पीताम्बर सिह, मुकुंद सिंह मधुशंकर सेठिया, रणधीर सिंह बिभुती मिश्रा विवेक जैन कौशल्या साहू राजू साहू, दलपती, प्रकाश रावल, मनोज जंगम, राकेश दास एवं तहसीलदार रूपेश मरकाम, पुलिस प्रशासन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# एनएसयूआई ने मरीजों को फल वितरण व रक्तदान कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 20 जून।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर बस्तर जिला एनएसयूआई के अध्यक्ष विशाल खंबारी के नेतृत्व में व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य , पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में एनएसयूआई के छात्र पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा आज शुक्रवार को रक्तदान कर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। इस रक्तदान शिविर में युवाओं के द्वारा रक्तदान कर सेवा और मानवता का संदेश के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। साथ ही एनएसयूआई के छात्र पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में मरीजों को फल का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी आज देश के युवाओं की आवाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने युवाओं को राजनीति में सकारात्मक भागीदारी, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी है। उनके विचार और संघर्ष आज की युवा पीढ़ी को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। राहुल गांधी हमेशा देश के कमजोर, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए मुखर रहे हैं।त्वद्वठ्ठ ́ के प्रणेता राहुल गांधी का आज जन्मदिन मनाया गया।उनके जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से मनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा और सम्मान है। इसी उद्देश्य को लेकर आज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में योगदान दिया।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं के बीच आशा, संघर्ष और बदलाव के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए राहुल गांधी निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उनके विचारों और कार्यशैली से प्रेरित होकर देश का युवा वर्ग राजनीति में सकारात्मक बदलाव का वाहक बन रहा है।

एनएसयूआई के अध्यक्ष विशाल खंबारी ने कहा कि रक्तदान महादान है, और इसके माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। राहुल गांधी के जन्मदिवस पर आयोजित यह रक्तदान अभियान समाज के प्रति युवाओं की संवेदनशीलता और सेवा भावना का प्रतीक है। आज रक्तदान कर उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और विकास पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

इस रक्तदान शिविर कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई के अध्यक्ष विशाल खंबारी व शहर महामंत्री नीतीश शर्मा सहित छात्र पदाधिकारी हर्षवर्धन शर्मा, प्रदीप सेठिया,तनमय चौहान, नीतीश जोशी,विकास पटेल ने रक्तदान कर युवाओं को मानव सेवा के लिए आगे आने का संदेश दिया। इस दौरान महामंत्री अभिषेक नायडू,प्रशांत जैन,लता निषाद,रविशंकर तिवारी,हेमू उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया,वेंकट राव,अंजना नाग,एस नीला,कमलेश पाठक, मोहसीन खान,भोजराज, पार्षद जस्टिन भवानी,मनोहर सेठिया,पंकज केवट,कर्तव्य आचार्य,नरेंद्र साहू,हंशु नाग,दुशाल काले,दीपेश पांडेय,कुणाल पांडेय,तन्मय चौहान,रेहान रिज़्वी,तरणजीत सिंह,देवांश दास,समीर कुमार,यश ध्रुव,विकास पटेल,खेमराज आदि मौजूद रहे।

# डॉ अभय के प्रयास से मौत के मुंह से लौट आई नन्ही जान

■ अस्पताल अधीक्षक डॉ. तोमर के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने दिया नवजात को नया जीवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाडा 20 जून।** जीवन और मृत्यु के बीच वेंटिलेटर पर सात दिनों तक चली ,क मासूम की जंग आखिरकार डॉक्टरों के समर्पण और अथक मेहनत के आगे जीत में बदल गई । जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ अभय प्रताप सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल दंतेवाड़ा के चिकित्सकों और विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई स्टाफ ने अपनी कुशलता से एक नवजात बच्ची को नया जीवन दिया है, जो न केवल ,सफल उपचार की कहानी है, बल्कि अटूट कर्तव्यनिष्ठा और बेहतरीन टीमवर्क की मिसाल भी है। प्राप्त जानकारी अनुसार गीदम विकासखंड के पदमेटा स्कूलपारा निवासी मंजू अलामी ने बीते माह 10 मई को एक बच्ची को जन्म दिया। जन्म के तुरंत बाद ही नवजात की तबीयत बेहद गंभीर हो गई। बच्ची को सांस लेने में भारी तकलीफ हो रही थी, शरीर में शुगर का स्तर लगातार कम हो रहा था और उसे बार-बार झटके आ रहे थे। स्थिति इतनी नाजुक थी कि उसे किसी उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर करना भी बेहद जोखिम भरा और जानलेवा साबित हो सकता था।

परिस्थितियों में जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश ध्रुव ने बिना समय गवाए तत्परता दिखाई और बच्ची को तुरंत विशेष नवजात देखभाल इकाई में भर्ती कर लिया। सीएस डॉ तोमर के मार्गदर्शन में डॉक्टरों ने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों और अपनी विशेषज्ञता के भरोसे ही बच्ची का इलाज शुरू करने का साहसिक फैसला लिया। इसके बाद मासूम को लगातार सात दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया , जहां डॉक्टरों और नर्सों ने अपनी भूख-प्यास और नींद की परवाह न करते चौबीसों घंटे उसकी देखभाल की। इस दौरान बच्ची की हर धड़कन और हर सांस पर पल-पल नजर रखी

### बच्ची हुई स्वस्थ, अस्पताल से पहुंची घर

जिला अस्पताल के चिकित्सकों की इस कड़ी तपस्या और बेहतरीन चिकित्सकीय प्रबंधन का असर सात दिनों बाद तब दिखाई दिया, जब बच्ची की हालत में सुधार होने लगा और उसे वेंटिलेटर से हटा लिया गया । हालांकि, पूरी तरह स्वस्थ होने तक उसे डॉक्टरों की विशेष देखरेख में ही रखा गया। लगभग एक क महीने तक चले इस लंबे उपचार और संवेदनशील देखभाल के बाद, 13 जून को बच्ची को पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

### डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई: डॉ रामटेके

इस बड़ी कामयाबी पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ- अजय रामटेके ने बताया कि गंभीर अवस्था में भर्ती नवजात को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखकर सफलतापूर्वक नया जीवन देना जिला चिकित्सालय के नवजात चिकित्सा विभाग की बड़ी उपलब्धि है। यह सफलता डॉक्टरों के समर्पण और जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर होते स्तर को दर्शाती है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ- अभय प्रताप तोमर ने भी इस इलाज में शामिल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ- राजेश ध्रुव , डॉ- मोहनीश खुंटेल, डॉ नमन सांखला, डॉ- सागर और ,एस एन सी यू के समस्त स्टाफ के टीमवर्क की सराहना की है। आज वह नन्ही बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है और बच्ची के परिजनों ने इसके लिए चित्सिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उसकी मुस्कान ने बस्तर के सुदूर अंचल की चिकित्सा व्यवस्था पर जनता के विश्वास को और मजबूत कर दिया है।

# महादेव घाट का विकास श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक केंद्र के रूप में किया जायेगा: संजय पांडे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 20 जून।** महापौर संजय पांडे ने महादेव घाट में ढेड़ करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि महादेव घाट के विकास कार्यों को तय कार्ययोजना के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए । महादेव घाट में निर्माण कार्यों में घाट निर्माण, सुरक्षा के लिए टो वॉल निर्माण, आवागमन की सुविधा हेतु पेवर ब्लॉक बिछाने, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए चबूतरा निर्माण तथा सुरक्षा की दृष्टि से एसएस रेलिंग लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शौचालय निर्माण सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जाएंगे।

महापौर संजय पांडे ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं दीर्घकालिक उपयोगिता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि महादेव घाट जगदलपुर में श्रद्धा का एक बड़ा केंद्र है इसका विकास श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक केंद्र के रूप में किया जा रहा है। उन्होने बताया कि महादेव घाट में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हाई मास्ट लाइट एवं आकर्षक डेकोरेटिव लाइट्स स्थापित किए जायेंगे । उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था से क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ेगी तथा घाट का सौंदर्य भी निखरेगा। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, श्रीमती त्रिवेणी रंधारी एवं संग्राम सिंह राणा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर दिलीप मरकाम तथा ठेकेदार अशोक पांडे उपस्थित रहे। साथ ही स्थानीय निवासी ललिता जंगम, मोनालिसा श्रीवास्तव, निर्मला दास, रोहिणी यादव, विंध्यवासिनी प्रजापति, जमुना ध्रुव, मनीषा प्रजापति, सावित्री जंगम एवं कंचन जंगम सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# किरंदुल में यात्री प्रतीक्षालय का अभाव, धूप-बारिश में घंटों बस का इंतजार करने को मजबूर यात्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**किरंदुल 20 जून।** औद्योगिक नगरी किरंदुल में प्रमुख चौक-चौराहों पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से आम नागरिकों और यात्रियों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसों से यात्रा करने वाले लोगों को मुख्य मार्गों के किनारे खुले आसमान के नीचे बसों का इंतजार करना पड़ता है। तेज धूप, मूसलाधार बारिश और कड़ाके की ठंड में भी महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे एवं अन्य यात्री घंटों खड़े रहने को विवश हैं।

नगरवासियों द्वारा इस जनहित से जुड़ी मूलभूत समस्या से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। समाजसेवी विरेन्द्र मांझी ने कहा कि किरंदुल जैसे औद्योगिक नगर में यात्रियों की यह समस्या वर्षों पुरानी है। नगर में एनएमडीसी, मित्तल कंपनी तथा प्रदेश की सर्वाधिक राजस्व देने वाली नगर पालिका परिषद होने के बावजूद यात्रियों की बुनियादी सुविधा की अनदेखी चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकल सका। उन्होंने मांग की कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर के प्रमुख स्थानों–घड़ी चौक, रामपुर कैंप चौक, बंगाली कैंप, चार नंबर कोड़ेनार सहित अन्य मुख्य मार्गों पर शीघ्र यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया जाए। वर्तमान में बस स्टैंड के समीप एकमात्र प्रतीक्षालय होने से दूर-दराज़ के यात्रियों को भारी असुविधा होती है। यह मामला सीधे जनहित और नागरिक सुविधाओं से जुड़ा है। नगर के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और जिम्मेदार संस्थाओं को समन्वय बनाकर यात्री प्रतीक्षालयों के निर्माण, नगर विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि आम नागरिकों को मौसम की मार से राहत मिल सके और उन्हें सम्मानजनक यात्रा सुविधा प्राप्त हो सके।

### एटीएम को क्षतिग्रस्त करने वाला गिरफ्तार

**बचेली 20 जून।** जिला में बढ़ते अपराध की रोकथाम हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री गौरव राय, दंतेवाड़ा के दिशा निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन, दंतेवाड़ा तथा श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कमलजीत पाटले किरन्दुल के दिशा-निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में आज दिनांक 18.06.2026 को शिकायत आवेदन प्राप्त होने पर जॉच दौरान तामोपारा बचेली का रहने वाला साहिल तामो पिता लक्ष्मण तामो उम्र 19 वर्ष जो आज दिनांक 18.06.2026 को सुबह करीबन 06.31 बजे एटीएम में पैसा निकालने गये एक बार पैसा निकलने के बाद दूबारा पैसा निकाला, पैसा नही निकलने से गुस्सा में आकर एटीएम मशीन को हाथ मुक्क ा से मारने मॉनीटर स् ीन को क्षतिग्रस्त कर दिया, उक्त के संबंध में साहिल तामो से पूछताछ करने पर साहिल तामो गुस्सा में और आ ेशित होकर थाना परिसर में ही हो हल्ला करने लगा जिसे संज्ञेय अपराध घटित करने से रोकने एवं गिरफ्तारी के अलावा कोई विकल्प नही होने से अनावेदक साहिल तामो को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर माननीय कार्यपालिक दण्डाधिकारी महोदय बड़ेबचेली के समक्ष पेश कर जिला जेल दंतेवाड़ा में निरूद्ध किया गया है।

# महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर होता हमारा बस्तर : किरण देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 20 जून।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेतानार में शहीद वीर गुण्डाधुर सेवा डेरा में आज सिलाई मशीन प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त 20 प्रशिक्षित महिला बहनों को सिलाई मशीन व प्रमाण पत्र का वितरण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के द्वारा किया गया। 18 मई 2026 को देश के केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के द्वारा नेतानार में शहीद वीर गुण्डाधुर सेवा डेरा में सिलाई प्रशिक्षण,इमली प्रसंस्करण इकाई, बस्तर डेकी राइस ईकाई का विधिवत शुभारंभ किया गया था। आज सिलाई मशीन प्रशिक्षण में 20 महिला बहनों को सिलाई प्रशिक्षित होने पर सेवा डेरा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने सिलाई मशीन व प्रमाण पत्र महिला बहनों को वितरित किया। साथ ही सिलाई मशीन प्रशिक्षण में नये 20 महिला बहनों को प्रशिक्षण के शुभारंभ पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।? सेवा डेरा में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर हमारी सरकार ने हमारी माता बहनों को आत्मनिर्भर व रोजगार सुनिश्चित करने हेतु कार्य कर रही है। ग्राम नेतानार में 18 मई को देश के यशस्वी केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में शहीद वीर गुण्डाधुर सेवा डेरा का विधिवत शुभारंभ किया गया था । सेवा डेरा में हमारे क्षेत्र के माता बहन को सिलाई प्रशिक्षण, इमली प्रसंस्करण इकाई एवं बस्तर डेकी राइस ईकाई से जोड़कर आत्मनिर्भर व रोजगार सुनिश्चित करने का कार्य शुरू किया गया है। जिसमें आज सिलाई प्रशिक्षण में 20 बहनों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने गांव में जाकर अपने घरों में सिलाई मशीन से सिलाई कर आय अर्जित कर आत्म निर्भर बनेगीं। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की सोच हमारे बस्तर व प्रदेश के गांव के बेटियां आत्मनिर्भर बनें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश में किसान, गरीब, युवा एवं महिलाओं को सुदृढ़ करने के लिए सतत् प्रयास कर रहे हैं। हमारे जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नानगुर मंडल के विभिन्न गांवों के महिला बहने आज सेवा डेरा में सिलाई मशीन प्रशिक्षण एवं अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर महिला सशक्तिकरण पर आगे बढ़ रही है। श्री किरण देव ने कहा महिला बहनों के लिए हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। महिला आत्मनिर्भर होगी तभी क्षेत्र का विकास होगा।

# सरस्वती शिक्षा मंदिर में तोड़फोड़, थाने में रिपोर्ट दर्ज

■ बगैर पूर्व सूचना एवं नोटिस दिए अचानक से स्कूल खाली करने संचालक पर बनाया दबाव

■ खाली नहीं करने पर मारपीट एवं गाली गलौच कर रहे कब्जाधारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 20 जून।** गीदम नगर पंचायत में संचालित वर्षो पुरानी सरस्वती शिक्षा मंदिर स्कूल को तोड़े जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मामले की रिपोर्ट थाने में स्कूल संचालक द्वारा दर्ज करवा दी गई है। मंदिर कमेटी, तहसीलदार एवं कलेक्टर को भी पूरे मामले से अवगत करवाया गया है।

बच्चों के शिक्षा मंदिर को तोड़े जाने का मामला इस प्रकार है कि गीदम नगर के वार्ड क्रमांक 4 में बीते करीब 16 सालों से सरस्वती शिक्षा मंदिर का संचालन हो रहा था । जिसे 16 जून को आशा गुप्ता एवं ओमप्रकाश गुप्ता नाम के व्यक्तियों ने आकर जबरन स्कूल भवन में ताला लगा दिया और छत की सीट को तोड़ डाला। इनका कहना है कि ये मकान उनका है जिसका किराया भी वे लेते रहे हैं।मगर अब इस मकान को वे किसी अन्य को बेच दिए हैं इसलिए अब इसे खाली करना है। मकान खाली करने स्कूल संचालक मोहन चौहान को मौखिक रूप से कई बार कहा गया था लेकिन वे खाली नहीं कर रहे थे इसलिए ये कदम उठाया गया ये मकान मालिक का तर्क है। वहीं दूसरी ओर स्कूल संचालक का कहना है कि हम वर्षों से वहां स्कूल का संचालन कर रहे हैं अभी स्कूल सत्र प्रारंभ हो रहा है बच्चों का एडमिशन चल रहा है ऐसे में तत्काल में स्कूल खाली करना संभव नहीं है। संबंधित को सोचना चाहिए। सैंकड़ों बच्चों के भविष्य का प्रश्न है। भवन खाली करवाना था तो हमे लिखित में आवेदन देना चाहिए था हम समय लेकर भवन खाली कर देते। मगर उन्होंने हमें लिखित में खाली करने की सूचना नहीं दिया। एकाएक खाली करने कहने पर कैसे खाली किया जा सकता है स्कूल।

### नजूल एवं माईजी की भूमि पर है स्कूल भवन

जिस स्कूल भवन को खाली करने को लेकर विवाद हो रहा है दरअसल प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त भूमि भवन मालिक आशा गुप्ता एवं ओम प्रकाश गुप्ता की पट्टे की भूमि नहीं है । आधी जमीन नजूल में है और आधी माईजी की भूमि पर है। विवाद एवं शिकायत के बाद अब तहसीलदार एवं टेंपल कमेटी जमीन के सीमांकन के रहे हैं।

### स्कूल भवन खाली करने के पीछे सत्ताधारी भाजपा नेता का हाथ

स्कूल विवाद के पीछे भाजपा का पार्षद एवं बीजेपी नेता का हाथ बताया जा रहा है। जानकारी मिली है कि स्कूल भवन मालिक आशा गुप्ता एवं ओम प्रकाश गुप्ता उक्त जमीन एवं भवन को एक बीजेपी नेता को बेच दिए है। उक्त बीजेपी नेता द्वारा सामने न आकर आशा गुप्ता पर जल्द से जल्द स्कूल भवन को खाली करने दबाव बनाया जा रहा है।स्कूल का मामला होने से उक्त बीजेपी नेता खुलकर सामने नहीं आ रहा। बताया जाता है कि नेताजी का बड़ा रसूख है और इनका प्रगाढ़ संबंध प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जी से भी है। शायद यही वजह है कि स्कूल भवन तोड़े जाने के बाद भी अब तक आरोपी के खिलाफकोई करवाई नहीं हो पाई है नेताजी का जो वरदहस्त प्राप्त है स्कूल भवन तोड़ने वालों को। बड़ा सवाल यह भी कि आखिर नजूल एवं माईजी की भी को कैसे कोई खरीद सकता है ?

## एक नज़र

### अनन्या मगर का रिसर्च पेपर कैंब्रिज यूके में प्रस्तुत



**कुरूद 20 जून (तछस.)।** नगर की होनहार बेटी अनन्या मगर का रिसर्च पेपर यू आर द वन फॉर मी अमाटोनॉर्मेटिविटि एटीट्यूड ईन इंडियन कॉन्टेक्स्ट्स विषय पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेस ऑन रिसर्च इन साइकोलॉजी (आई. सी. आर. पी. सी. ओ. एन. एफ.) कैंब्रिज यू. के. के 7 वे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेस में रिसर्च पेपर का प्रस्तुतिकरण दिनांक 7 जून 2026 को किया गया। जिसमें प्रतिष्ठित संस्थान आई. सी. आर. पी. सी. ओ. एन. एफ. द्वारा अनन्या मगर को प्रमाण पत्र और रिसर्च पेपर का प्रकाशन का प्रस्ताव मिला है। ज्ञात हो कि इस विषय पर यह विश्व का तीसरा और भारत में पहला रिसर्च पेपर है, जो कि अमाटोनॉर्मेटिविटि के ऊपर आधारित है। जिसका अर्थ है कि एक ऐसी सामाजिक अवधारणा जिसके अनुसार व्यक्ति को खुश रहने के लिए या सफल रहने के लिए रोमांटिक संबंध या विवाह संबंध की आवश्यकता होती है। यह सोच रोमांस और विवाह को सबसे ऊपर मानती है और अन्य प्रकार के रिश्तों जैसे कि दोस्ती, परिवार आदि को कमतर आंकती है। अनन्या मगर किरण पब्लिक स्कूल के संचालक गोविंद मगर एवं श्रीमती वनिता मगर की बेटी है, एवं गोपाल मगर तथा ज्योति मगर की भतीजी है। उसकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों और मित्रों, शुभचिंतकों ने बधाई एवं आगे के शोध कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं है।

### महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से 30 जून तक ई-केवाईसी कराने अपील

**महासमुंद 20 जून।** महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य 30 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री टिकेंद्र जटवार ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना के कुल 3 लाख 18 हजार 576 हितग्राही हैं, जिनमें से 2 लाख 92 हजार 97 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है तथा 26 हजार 479 हितग्राहियों का ई-केवाईसी अभी शेष है।महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले के सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में अपने नजदीकी सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) पहुंचकर ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं। ताकि योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करते रहें।

### सुहेला पुलिस की अवैध शराब तस्करों पर बड़ी कार्रवाई



**राजनांदगांव, 20 जून।** पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में जिले में अवैध जुआ, सट्टा और अवैध शराब बिक्री व परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सुहेला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुहेला पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दो शातिर शराब तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मुखबीर की सूचना पर रोशनी ढाबा के पास घेराबंदी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के हमराह सउनि संजय सोनी और आरक्षक बालेश्वर भगत की टीम अवैध शराब रेड कार्रवाई हेतु क्षेत्र में रवाना थी। इसी दौरान मुखबीर से विश्वसनीय सूचना मिली कि हथबंद की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब लेकर बिक्री करने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए ग्राम सुहेला स्थित रोशनी ढाबा मेन रोड के पास पुलिस द्वारा घेराबंदी किया गया। घेराबंदी के दौरान संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल क्र. 6129 को रोककर पूछताछ किया गया। आरोपियों की तलाशी में सफेद रंग के बड़े थैले से भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब बरामद की गई।

### बाल सक्षम नीति-2022 के तहत विशेष अभियान,24 बच्चों का किया गया रेस्क्यू

**बलौदाबाजार, 20 जून।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिले में सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे बच्चों को सुरक्षित बचपन, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बाल सक्षम नीति-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत 1 जून से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।इसी कड़ी में 15 जून एवं 18 जून को जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कसडोल विकासखंड अंतर्गत गिधौरी, छरछेद, लवन, चांदन एवं बया, विकासखंड पलारी अंतर्गत गिधपुरी, रोहांसी, भवानीपुर, कोदवा एवं खरतोरा के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**कांकेर, 20 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 07 बजे से न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर में सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन होंगे।विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम, विधायक अंतागढ़ श्री विक्रम उसेण्डी, विधायक भानुप्रतापपुर श्रीमती सावित्री मंडावी, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा कावड़े, उपाध्यक्ष श्रीमती तारिणी ठाकुर, श्रतीश लाटिया, महेश जैन एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री उत्तम यादव एवं सदस्य एफ सी आई हलधर साहू कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

---

प्रकृति ही सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक, आत्मशुद्धि का उचित माध्यम है शरीर शोधन क्रियाः के. आर. सिन्हा

# सात दिवसीय शरीर शोधन, योग एवं प्राकृतिक उपचार शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 21 जून।** योग साधक परिवार, पतंजलि योग समिति और माय भारत केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय शरीर शोधन, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का वृहद आयोजन किया गया। संपूर्ण प्राकृतिक तरीके से शरीर के विजातीय तत्वों को बाहर निकालकर स्वस्थ रखने हेतु नगर में पहली बार शिविर आयोजित किया गया था। प्रथम दिवस से नियमित योग के द्वारा रोग निवारण के थीम पर सुबह से आंतों की सफाई, कब्ज तोड़ने हेतु सूक्ष्म व्यायाम, आसन, आहारचर्या एवं ज्ञानेन्द्रियों की सफाई हेतु नस्य, जल नेति, नेत्र प्रक्षालन, रबरनेति, सूत नेति, लपेट पद्धति, मिट्टी-पट्टी इत्यादि के द्वारा विभिन्न रोगों से निजात पाने के गुर सिखाए गए। शरीर में सालों से जमी विजातीय तत्व को दूर करने के लिए एनिमा, शंख प्रक्षालन, पाद्दभ कांसे के बर्तन से पैरों के तलवों से गंदगी बाहर करना, कुंजल क्रिया द्वारा अमाशय की सफाई की गई। आयुर्वेदरत्न, नाड़ी विशेषज्ञ के.आर. सिन्हा ने शिविर समापन पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति ही सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक है। मानव शरीर में किसी भी बीमारी को ठीक करने और संतुलित करने की प्राकृतिक क्षमता होती है। मौसमी फलों का समुचित मात्रा में सेवन करना चाहिए। गुरु ग्राम से प्रशिक्षित आहार विशेषज्ञ लोचन देवी ने सात्विक आहारचर्या से स्वास्थ्य लाभ व रोग निदान कराया। निरोगी व रोगी व्यक्ति के दैनिक आहारचर्या पर प्रयोग को मूल रूप में सिखाया गया जिससे शरीर रोगी ना हो और हो भी जाए तो प्राकृतिक क्रियाओं के माध्यम से पुनः निरोगी काया प्राप्त कर सके। शिविर संचालक पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा कटी-स्नान, भाप- स्नान, रीढ़-स्नान द्वारा ब्लड-प्रेशर, अस्थमा, साइटिका, शुगर को नियंत्रित करना सिखाया गया। शिरोधारा के माध्यम से मानसिक विकारों को दूर किया गया। मालिश में विभिन्न तेल व जड़ी बूटी के माध्यम से शरीर के नस-नाड़ियों के अवरोध को दूर किया गया। आंवलखेड़ा उत्तरप्रदेश से पधारे पंचगव्य, योग चिकित्सा, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ एवं आयुर्वेद विषारद् सुशील कुमार के द्वारा एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर के माध्यम से शरीर के विभिन्न मर्म बिंदुओं की स्पंदन व दबाव से स्वास्थ्य संबंधी रोग माइग्रेन, घुटना दर्द, पिंडली के दर्द, कमर दर्द, पेट के विकारों को दूर करना, अग्नाशय, हृदय, पिल्हा, लिवर ,किडनी ,आंख के शक्ति को जागृत कर रोग निदान के उपाय बताए गए। एक्यूप्रेशर से तुरंत दर्द व रोग से राहत प्रदान किया गया। असाध्य् रोगों पर प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा निवारण करना सिखाया गया एवं विशेष रोगों पर आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी का उपयोग बताया गया। बलौदाबाजार से स्वास्थ्य लाभ लेने आए शिक्षक छम्मन लाल साहू ने बताया कि सदैव कमजोरी महसूस होते रहता था। शरीर सुस्त एवं चिड़चिड़ापन ज्यादा रहता था किन्तु तृतीय दिवस से ही शरीर में स्फूर्ति आ गई और आनंद की अनुभूति प्राप्त हुआ। शिविरार्थी मीना यादव ने बताया कि वे विगत दस वर्षों से बीपी और शुगर की मरीज है। कई जगहों पर ईलाज कराया किन्तु कोई लाभ नहीं हुआ। चौथे दिवस से ही मेरा बीपी और शुगर सामान्य आ गया है और अभी सात दिनों से कोई दवाई भी सेवन नहीं की है। शीला भक्त, रोहित नेताम, घनश्याम सिन्हा, विकास कश्यप, केशव साहू आदि शिविरार्थियों ने प्राकृतिक चिकित्सा के लाभ का अनुभव बताते हुए शिविर की दिनचर्या को बनाए रखने और प्रकृति शक्ति से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। सभी शिविरार्थियों के संतुष्टि भरे भावों और खिले हुए चेहरों ने आत्मिक खुशी प्रदान किया। आयोजन समिति अध्यक्ष शंकर लाल यदु ने प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के सभी सदस्यों और शिविरार्थियों का आभार व्यक्त किया। योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी बीमारियों का मूल कारण विजातीय तत्व का जमा होना और गलत जीवनशैली है। शिविर के सफल आयोजन में हेमलाल पटेल, देवनारायण यदु, संतराम कंवर, नरेन्द्र साहू, ललित साहू, कृष्णेष यादव, जागेश्वर ध्रुव, अर्जुन धनंजय सिन्हा, कोमल यादव, राजकुमार ध्रुव, जानू बघेल, मदन सिंह राजपूत, झम्मन ठाकुर, रेणु चक्रधारी, त्रिवेणी सिन्हा, नमेश्वरी दीवान, बबली यादव का विशेष योगदान रहा।

# लौह स्क्रैप चोरी करने वाले फरार दो आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 जून।** भिलाई स्टील प्लांट से संगठित रूप से लौह स्क्रैप चोरी करने वाले 2 अन्य फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है बतां दें कि 90 लाख के लोहा चोरी मामले में पुलिस अब तक 12 लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है पुलिस ने बताया कि आरोपी पिछ्ले 4-5 माह से योजनाबद्ध तरीके से बीएसपी के लौह स्क्रैप को फ्लू डस्ट के साथ चोरी कर अवैध रूप से संग्रहित कर रहे थे। मामले में लगभग 90 लाख रुपये मूल्य का लौह स्क्रैप, वाहनों सहित कुल लगभग 3 करोड़ 22 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है यह है पूरा मामला 26 मई को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम अकलोरडीह खदानपारा स्थित ए.के. ट्रेडर्स, प्लॉट क्रमांक 18, एच.आई.ए. हथखोज भिलाई में पुलिस टीम द्वारा जांच की गई मौके पर विभिन्न हाईवा, ट्रक एवं अन्य वाहनों में फ्लू डस्ट के साथ लोहे की प्लेट, बीम, कटिंग सामग्री भरी हुई पाई गई। साथ ही बड़ी मात्रा में लौह स्क्रैप अलग-अलग ढेरों में संग्रहित पाया गया 250 टन लौह प्लेट की चोरीजांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों द्वारा संगठित रूप से भिलाई स्टील प्लांट से फ्लू डस्ट परिवहन के दौरान बीएसपी के लौह स्क्रैप की चोरी कर उसे उक्त स्थान पर एकत्रित किया जा रहा था। मौके से लगभग 250 टन वजनी लौह प्लेट, बीम कटिंग और अन्य सामग्री जप्त की गई। इसके अतिरिक्त स्क्रैप परिवहन एवं लोडिंग में प्रयुक्त वाहन, जेसीबी, हाईड्रा, मशीनरी भी जप्त की गई।

विवेचना के दौरान आरोपी आकाश कुमार सिंह, अमित शर्मा उर्फ कैलाश शर्मा की संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। प्रकरण में अब तक कुल 12 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है इन आरोपियों को किया गिरफ्तार आकाश कुमार सिंह,) 29 साल ) निवासी हाउसिंग बोर्ड एमआईजी-2/1453, जामुल अमित शर्मा उर्फ कैलाश शर्मा, ( 45 साल ) निवासी सड़क 15/बी, सेक्टर-02, भिलाई जब्त सामग्री लगभग 250 टन लौह प्लेट, बीम एवं लौह कटिंग सामग्री। हाईवा वाहन ऋमांक CG 04 QT 8797। ट्रक क्रमांक CG 10 ऋ2004।हाईवा वाहन क्रमांक CG 08 AW 1475।5. ट्रक क्रमांक CG 07 MB 2455। टाटा 1109 वाहन ऋमांक CG 07 CA 6977। टाटा एस वाहन क्रमांक CG 04 JB 9616।जेसीबी वाहन क्रमांक CG 08 AY 8496।हाईड्रा वाहन क्रमांक CG 07 CW 8063।चेन माउंटिंग मशीन एवं डस्ट छानने हेतु प्रयुक्त 05 लोहे की मशीनें। कुल जप्ती मूल्य लगभग 3 करोड़ 22 लाख रुपये।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा ने मरीजों को फल वितरित किए



**अंवरी- भखारा, 20 जून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं जननायक राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भखारा में सेवा एवं मानवता का संदेश देते हुए भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिवस को सेवा, समर्पण और जनकल्याण के रूप में मनाया जा रहा है। मरीजों एवं उनके परिजनों सेआत्मीय मुलाकात भी किया गया बड़ी संख्या में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने बताया की रहे। सभी ने राहुल गांधी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं जनसेवा से परिपूर्ण जीवन की कामना करते हुए समाज सेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।ओ बी सी कांग्रेस के रास्ट्रीय समनयक लेख राम साहू । नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद साहू मेघराज साहू पार्षद जिला महामंत्री डोमार साहू प्राभरी महामंत्री लेखराम यादव मनोज साहू ब्लॉक पदाधिकारी गण समीर गौर मुकेश साहू सुलोचनी साहू मंडल अध्यक्ष संतोषी निषाद गैन्दलाल साहूएवंन साहू सौरभपाल आदित्य बघेल लोकेन्द्र साहू भूपेश पटेल सोनू तारक आदि थे।

# डीएमएफ के तहत बेसलाइन सर्वे रिपोर्ट 25 जून तक प्रस्तुत करना अनिवार्य

**दुर्ग, 20 जून** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद अंतर्गत संचालित बेसलाइन सर्वे की प्रगति की समीक्षा विभागीय नोडल अधिकारियों से की। बैठक में सीईओ श्री दुबे ने विभागीय नोडल अधिकारियों को जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) अंतर्गत पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना एवं वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के लिए आधारभूत सर्वेक्षण (बेसलाइन सर्वे) कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर बेसलाइन सर्वे के आधार पर पंचवर्षीय एवं वार्षिक कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा पूर्व में सेक्टरवार एवं क्षेत्रवार ग्राम-वार्ड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। सीईओ श्री दुबे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे ग्राम एवं वार्ड स्तर पर सेक्टरवार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बेसलाइन सर्वे का कार्य शीघ्र पूर्ण करें तथा सर्वे रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में 25 जून 2026 तक जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। समयबद्ध रूप से जानकारी प्राप्त होने पर जिले की विकास आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तृत पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना एवं वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जा सकेगी। इस अवसर पर आयुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग श्री सुमित अग्रवाल, आयुक्त नगर पालिका निगम रिसाली श्रीमती मोनिका वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पंचायत विभाग सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सहकारी समितियों में खाद एवं बीज का पर्याप्त भण्डारण

**दुर्ग,20 जून ।** जिला प्रशासन दुर्ग द्वारा खरीफ सीजन 2026 के दौरान कृषकों को सुचारू रूप से कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने हेतु निरंतर मैदानी स्तर पर समीक्षा एवं जांच की जा रही है। इसी कड़ी में पाटन विकासखंड के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा पर्याप्त खाद-बीज का सुव्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित किया गया है।

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार को लेकर कोयलीबेड़ा में बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर, 20 जून ।** शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्र कोयलीबेड़ा में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में आयोजित यह बैठक दो पालियों में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के संस्था प्रमुख, संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री नवनीत पटेल द्वारा की गई। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, शैक्षणिक उपलब्धियों, चुनौतियों एवं आगामी कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) कार्यक्रम, बालवाटिका गतिविधियों, कक्षावार अधिगम स्तर में सुधार तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक सहयोग जैसे विषयों पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा नियमित मूल्यांकन के आधार पर आवश्यक शैक्षणिक हस्तक्षेप सुनिश्चित किए जाएं।जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद ने संस्था प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में समयबद्ध कक्षा संचालन, पाठ्यक्रम पूर्णता, परीक्षा परिणामों में सुधार, बोर्ड परीक्षाओं की विशेष तैयारी एवं विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शिक्षकों से केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करने तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा एवं जीवन कौशल विकास पर भी ध्यान देने पर जोर दिया।जिला मिशन समन्वयक श्री नवनीत पटेल ने समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए विद्यालय विकास योजना, पीएम श्री योजना, समावेशी शिक्षा, डिजिटल शिक्षा, पुस्तकालय गतिविधियों, शिक्षक प्रशिक्षण, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा शाला प्रबंधन समितियों की सक्रिय भागीदारी को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने विभागीय पोर्टलों एवं ऑनलाइन मॉड्यूल में समयबद्ध जानकारी दर्ज करने तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।बैठक में नामांकन एवं ठहराव, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान, पुनः नामांकन अभियान, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति, विद्यालय स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, खेल मैदानों के उपयोग एवं पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण पर भी विस्तार से समीक्षा की गई।

# वंदना योजना बनी शैला की ताकत, सुदूर गांव में गढ़ी गई नई कहानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 20 जून।** जिले के सुदूरवर्ती ग्राम गोटाईगुड़ा, सेक्टर भोपालपटनम की निवासी शैला सोडांदी की कहानी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के प्रभावी क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर कार्यरत आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की समर्पित सेवाओं का प्रेरणादायक उदाहरण है। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बीच इस योजना ने शैला को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि सुरक्षित मातृत्व की दिशा में आत्मविश्वास और संबल भी दिया।

खेती-किसानी और दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर शैला सोडांदी के लिए गर्भावस्था का समय कई चुनौतियों से भरा था। आर्थिक सीमाएं, स्वास्थ्य सुविधाओं की दूरी और पर्याप्त जानकारी का अभाव उन्हें चिंता में डाल रहा था। ऐसे समय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन उनके लिए पहली मददगार बनकर सामने आए।गर्भावस्था की जानकारी मिलते ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने शैला से संपर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी और तत्काल पीएमएमवीवाई पोर्टल पर उनका पंजीयन कराया। इसके बाद नियमित गृह भेंट के माध्यम से उन्हें संतुलित आहार, स्वच्छता, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच और सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।समय पूर्ण होने पर शैला का शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराया गया, जहां उन्होंने 2.8 किलोग्राम वजन की स्वस्थ बालिका को जन्म दिया। मां और नवजात दोनों के स्वस्थ होने से परिवार में खुशी का माहौल बन गया। प्रसव के उपरांत शैला को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 6 हजार रुपये की मातृत्व सहायता राशि प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग उन्होंने पौष्टिक आहार, आवश्यक दवाइयों तथा नवजात शिशु के लिए वस्त्र, कंबल एवं अन्य जरूरी सामग्री खरीदने में किया।अपना अनुभव साझा करते हुए शैला सोडांदी कहती हैं, ÷पहले मुझे गर्भावस्था के दौरान पोषण और देखभाल की सही जानकारी नहीं थी। आंगनबाड़ी दीदी और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से मुझे उचित मार्गदर्शन मिला। आज मैं और मेरी बेटी दोनों स्वस्थ हैं। अब मैं अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करती हूं। शैला सोडांदी की सफलता की यह कहानी दर्शाती है कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, समय पर मार्गदर्शन और सामुदायिक सहभागिता सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

### 21 जून को जिला स्तरीय योग कार्यक्रम इंडोर स्टेडियम महासमुंद में आयोजित

**महासमुंद 20 जून ।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून 2026 को प्रातः 7:00 बजे से 7:45 बजे तक जिलेभर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष योग दिवस की थीम ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' रखी गई है।आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थानीय इंडोर स्टेडियम, महासमुंद (बागबाहरा रोड, शासकीय बहुदिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय के समीप) में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे।

# आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के निर्देश

### ■ ओटीपी को प्राथमिकता देने वाले उचित मूल्य दुकान संचालकों पर होगी कार्रवाई

**महासमुंद 20 जून ।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन सामग्री वितरण को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए आधार प्रमाणीकरण (बायोमेट्रिक) के माध्यम से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार जिले की सभी ऑनलाइन उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण (बायोमेट्रिक) के जरिए ही राशन सामग्री वितरित की जाएगी। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत आधार आधारित प्रमाणीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

जिन राशन कार्डों में मुखिया एवं सभी सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण है, उनमें खाद्यान्न वितरण केवल आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, नॉमिनी के माध्यम से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के लिए भी नॉमिनी का आधार प्रमाणीकरण आवश्यक होगा। विशेष परिस्थितियों में ही ओटीपी आधारित वितरण की अनुमति रहेगी। इसमें ऐसे राशन कार्ड शामिल होंगे जिनमें सभी सदस्य 60 वर्ष से अधिक या 10 वर्ष से कम आयु के हों, एकल निराश्रित अथवा निःशक्तजन हितग्राही हों तथा आधार प्रमाणीकरण का प्रयास विफल हो गया हो। ऐसी स्थिति में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जा सकेगा।कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि आधार प्रमाणीकरण में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर उचित मूल्य दुकान संचालक तत्काल संबंधित खाद्य निरीक्षक और तकनीकी टीम को सूचित करें, ताकि समस्या का शीघ्र निराकरण किया जा सके। नेटवर्क कनेक्टिविटी विहीन उचित मूल्य दुकानों में ही ऑफलाइन वितरण की अनुमति होगी। जिले में ओटीपी के माध्यम से किए जा रहे खाद्यान्न वितरण पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक नियमित रूप से उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करेंगे तथा ओटीपी से वितरण किए गए मामलों का भौतिक सत्यापन करेंगे। प्रत्येक सप्ताह विस्तृत जांच प्रतिवेदन एवं पंचनामा तैयार कर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देशित किया है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण पाए जाने पर संबंधित उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निगरानी में लापरवाही बरतने वाले सहायक खाद्य अधिकारियों एवं खाद्य निरीक्षकों के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से ही खाद्यान्न वितरण कराएं।

## एक नजर

### नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर सेवा एवं सद्भावना कार्यक्रम



**सिमगा 20 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** युवा कांग्रेस सिमगा द्वारा हितेश साहू के नेतृत्व में प्राथमिक शाला धोबनी में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का जन्मदिवस बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को पेन, कॉपी एवं चॉकलेट वितरित कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रत्याशी हीरेंद्र कोसले जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष लक्की लहरे, चेतन सेन , रोशन साहू लोकेश साहू, नरेंद्र साहू, उत्तम रावते, हिमेश साहू दमेश्वर सेन टिंकू साहू एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षा, सेवा एवं सामाजिक सरोकार का संदेश दिया। राहुल गांधी जी के जन्मदिवस पर समाज के प्रति सेवा और शिक्षा के प्रति जागरूकता का यह छोटा सा प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

### ग्राम पंचायत बासीन में शिक्षक अमरनाथ ध्रुव को विदाई दी गई



**सिमगा 20 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत बासीन में प्राथमिक शाला के वरिष्ठ शिक्षक अमरनाथ ध्रुव के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने श्री ध्रुव के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठ, सरल एवं समर्पित व्यक्तित्व से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्राम पंचायत बासीन के उपसरपंच हुलाश साहू ने बताया कि श्री ध्रुव वर्ष 1990 से गांव में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय योगदान दिया और ग्रामीणों के बीच विशेष पहचान बनाई। विदाई समारोह के दौरान ग्रामवासियों ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा और सभी ने उनके योगदान को सदैव याद रखने की बात कही।

### महापौर ने योग दिवस की दी अग्रिम शुभकामनाएं

**रायपुर 20 जून।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर पालिक निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर सहित समस्त एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदों ने समस्त नगरवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2026 रविवार के अवसर पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुये समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य क्षेत्र में समृद्धि और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक प्रेरणा प्रदान करने हार्दिक मंगल कामनायें की हैं. महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने शुभकामनाएं दी है।

# युवाओं को मिलेगा रोजगार, उद्योगों को मिलेगी नई गति : बृजमोहन

**रायपुर, 20 जून।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल आज क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय द्वारा एम्स हॉस्पिटल ऑडिटोरियम में आयोजित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना÷ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी विज्ञान भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और देशभर के 15 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगभग 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की।



इस अवसर पर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के युवाओं को रोजगार, कौशल और सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के लिए लगातार ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उद्योगों को भी नए रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित करती है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 99,446 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। योजना के तहत पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को 15,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, वहीं नए रोजगार सृजित करने वाले प्रतिष्ठानों को प्रत्येक पात्र कर्मचारी पर प्रति माह 3,000 रुपये तक का प्रोत्साहन मिलेगा। इससे उद्योगों पर रोजगार सृजन का वित्तीय भार कम होगा और अधिक से अधिक युवाओं को औपचारिक रोजगार उपलब्ध होगा।

श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस योजना की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के अनेक उत्कृष्ट संस्थान हैं, जहां से हर वर्ष बड़ी संख्या में प्रशिक्षित युवा निकलते हैं। यदि उद्योग जगत इस योजना का व्यापक रूप से लाभ उठाए तो हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। होटल, स्वास्थ्य सेवाएं, विनिर्माण, खनन, सीमेंट, स्टील तथा सेवा क्षेत्र में रोजगार की नई संभावनाएं विकसित होंगी। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि नक्सलवाद के प्रभाव से मुक्त हो रहे क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का यह एक सुनहरा अवसर है। उद्योगों एवं खनन क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन से आग्रह किया कि राज्य स्तर पर उद्योग जगत, विभिन्न विभागों और संस्थानों की संयुक्त बैठक आयोजित कर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति बनाई जाए, ताकि अधिकतम युवा इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

## प्रबुद्धजनों के सुझावों का होगा त्वरित अमल, महावीर उद्यान की व्यवस्थाओं में होगा व्यापक सुधार : मूणत

**रायपुर, 20 जून।** रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री राजेश मूणत ने आज प्रातः महावीर उद्यान (अनुपम गार्डन) में क्षेत्र के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ विस्तृत जनसंवाद कर उद्यान की व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस अवसर पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जोन अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा दीनदयाल उपाध्याय मंडल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसंवाद के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने उद्यान की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, खेल सुविधाओं, दीवारों की ऊंचाई, मवेशियों के अनियंत्रित प्रवेश तथा अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों से विधायक श्री मूणत को अवगत कराया। नागरिकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए श्री मूणत ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र अमल में लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में पाई गई कमियों पर मूणत ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि उद्यान परिसर की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। मूणत ने उद्यान की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए परिसर की चारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने, मवेशियों के प्रवेश को पूर्णतः रोकने हेतु छोटे प्रवेश द्वार (सुरक्षा गेट) स्थापित करने तथा उद्यान में आवश्यक खेल एवं मनोरंजन संबंधी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि उद्यान स्थित बापू की कुटिया सभी नागरिकों एवं वरिष्ठजनों के लिए पूर्ववत खुली एवं सुलभ रहे, जिससे सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहे। साथ ही नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उद्यान परिसर में वाहनों के नियंत्रित एवं सुव्यवस्थित प्रवेश की व्यवस्था बनाए रखने पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी प्राथमिकता केवल समस्याओं को सुनना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

## शासकीय अस्पताल पलारी का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



**प्रसव सहित अन्य सुविधा प्रदान की जा रही, गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश**

**बलौदाबाजार, 20 जून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधा का आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने किया । निरीक्षण में ओपीडी, आईपीडी टीकाकरण, स्टोर रूम ,लैब,ओटी, एन आर सी सहित प्रसव कक्ष में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता परखी। सीएमएचओ ने स्टोर रूम में फील्ड के लिए आरक्षित दवाइयों को तत्काल उपलब्ध फील्ड में भिजवाने को कहा गया। उन्होंने मैटरनिटी वार्ड का को शुरू करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर में ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने को भी कहा जिससे कहीं जल जमाव न रहे । उन्होंने वार्ड में मरीजों को दिए जा रहे भोजन में और पोषक सामग्रियों को भी सम्मिलित करने को कहा। अनुपयोगी या बिगड़े हुए उपकरण की जाँच परख करने को कहा । इस बाबत एक कमेटी गठित कर उनकी स्थिति की समीक्षा कर आवश्यकता पड़ने पर कंडम भी घोषित किया जा सकता है। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज वर्मा सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिये वाहन सुविधा

**बलौदाबाजार,20 जून।** छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में 21 जून 2026 को बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन ''स्वस्थ्य आयु के लिए योग'' आधारित थीम पर किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में आयोजित की जायेगी। योग में शामिल होने इच्छुक व्यक्तयों के लिये जिला प्रशासन द्वारा वाहन व्यवस्था की गई है। 21 जून को प्रातः 06:00 बजे से वाहन की व्यवस्था किया गया है। वाहन नगर भवन बलौदाबाजार, पं. चक्रपाणी हायर सेकेन्डरी स्कूल बलौदाबाजार, योग भवन पंचशील नगर बलौदाबाजार से रवाना होगी।

## अवैध रेत परिवहन करते पकड़े गये ट्रेक्टर चालक ने किया जहर सेवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 ।** तहसील कसडोल के ग्राम सिनोधा से अवैध रेत परिवहन करते ट्रेक्टर को नायब तहसीलदार आकांक्षा तिवारी ने गुरुवार को निरीक्षण के दौरान पकड़ कर थाना कसडोल के सुपुर्द किया।इससे क्षुब्ध होकर ट्रेक्टर चालक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। प्रशासन द्वारा उक्त ट्रेक्टर चालक को ईलाज हेतु तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईलाज उपरांत ट्रेक्टर चालक का स्वास्थ्य सामान्य है एवं खतरे से बाहर है। मामले का संज्ञान में आते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने एसडीएम कसडोल आर.आर.दुबे के नेतृत्व में टीम गठित कर तीन दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम आर. आर. दुबे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कड़ी निगरानी की जा रही है। गुरुवार को नायब तहसीलदार आकांक्षा तिवारी द्वारा निरीक्षकन के दौरान अवैध रेत परिवहन करते वाहनो पर कार्यवाही की गई।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह- जून 2026

पृ. क्र. /998/रा.वि./मु.न.अ./2026 भाटापारा, दिनांक-17/06/2026

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं।जिनका नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया जा रहा है। यदि उपरोक्त नामों के प्रकाशन में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर लिखित में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गिरधर दास मुंधड़ा पिता स्व. वासुदेव दास मुंधड़ा निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | अजय कुमार मुंधड़ा पिता गिरधर दास मुंधड़ा निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सदर वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 12 सी प्लॉट नंबर 180 रकबा 1915. 99 वर्गफुट पक्का मकान | वसीयतनामा |
| 2. | 1. जयकिशन शर्मा पिता स्व. रामदयाल शर्मा 2. अश्वनी शर्मा पिता जयकिशन शर्मा 3. संदीप गोयल पिता गोपाल गोयल निवासी सुभाष वार्ड, नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री चंद्रभान गंगवानी पिता प्रहलाद राय गंगवानी निवासी मातादेवालय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | भगतसिंह वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 11 सी प्लाट नंबर 151/1, 151/2, 151/3 शामिल रकबा 798 वर्गमीटर और नजूल शीट नं. 11 सी प्लॉट नं. 170 रकबा 162 वर्गमीटर पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 3. | श्रीमती सरस्वती देवांगन पति श्री नरेन्द्र कुमार देवांगन निवासी हथनीपारा वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती गीता यदु पति श्री मातीलाल यदु निवासी रामसागर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | मौजा पटपर प.ह.न. 39 खसरा नं. 96/1/3 रकबा 0. 0190 हे. 2000 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 4. | श्री समयलला देवांगन पिता श्री दुकालूराम देवांगन निवासी परशुराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती देवश्री पति श्री विजय कुमार वैष्णव निवासी परशुराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | परशुराम वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 242/2/ज, 243/2 रकबा 0.0100 हे. 1000 वर्गफुट आवासीय कच्चा मकान एवं खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 5. | 1. जयकिशन शर्मा पिता स्व. रामदयाल शर्मा 2. अश्वनी शर्मा पिता जयकिशन शमा 3. संदीप गोयल पिता गोपाल गोयल निवासी सुभाष वार्ड, नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती मंजू तलरेजा पति संतोष तलरेजा निवासी बजरंग वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | भगतसिंह वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 11 सी प्लाट नंबर 151/1, 151/2. 151/3 शामिल रकबा 798 वर्गमीटर और नजूल शीट नं. 11 सी प्लॉट नं. 170 रकबा 162 वर्गमीटर पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 6. | जसकरण राणा पिता चरनजीत राणा निवासी के.के. वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सरबजीत सिंह राणा पिता इन्द्रजीत सिंह राणा निवासी के.के. वार्ड. भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गांधी मंदिर वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 परिवर्तित शीट क्रमांक 1 प्लॉट नंबर 36/2 रकबा 260 वर्गफुट पक्का आर.सी.सी. छत युक्त | हकत्याग विलेख |
| 7. | श्रीमती ज्योति मोटवानी पति नारायणदास मोटवानी निवासी संजय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | निर्मल शर्मा पिता सत्यानारायण शर्मा निवासी के.के. वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | नेहरू वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 8/52, 8/40, 6/2 कुल रकबा 103.2528 वर्गमीटर आवासीय पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 8. | 1. श्री राकेश मंघानी पिता श्री सुरेश कुमार मंघानी 2 श्री संजय सबलानी पिता श्री घनश्यामदास सबलानी निवासी संतकंवरराम/मातादेवालय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री सेवल मंधानी पिता स्व. श्री विशोमल मंधानी निवासी गार्डन ग्रोव कॉम्प्लेक्स वार्ड, चिकुवाड़ी, बोरीवाली, मुंबई (महाराष्ट्र) | प. दीनदयाल उपा. वार्ड | मौजा भाटापारा प.ह.न. 11 खसरा नं. 139/1/झ/5 दु. रकबा 0.0219 हे. में से 1742 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 9. | देविका वर्मा पिता घनश्याम लाल चवरे निवासी बजरंग वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | मोहम्मद मुमताज पिता मोहम्मद खलील निवासी संतकंवरराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | मातादेवालय वार्ड | मौजा भाटापारा प.ह.न. 11 खसरा नं. 110/101 रकबा 1215 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 10. | श्रीमती संगीता बालानी पति श्री प्रहलाद बालानी निवासी संतकंवरराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री सेवल मंधानी पिता स्व. श्री विशोमल मंधानी निवासी गार्डन ग्रोव कॉम्प्लेक्स वार्ड, चिकुवाड़ी, बोरीवाली, मुंबई (महाराष्ट्र) | प. दीनदयाल उपा. वार्ड | मौजा भाटापारा प.ह.न. 11 खसरा नं. 139/85, 139/1/झ/4 रकबा 0.0470 हे. परिवर्तित भूमि कृषि | विक्रय विलेख |
| 11. | 1. शीला सिंह 2. बीना पिता तेजराज बहादुर निवासी मातादेवालय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | ज्योति क्षत्री पिता तेजराज बहादुर निवासी पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड. भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | मातादेवालय वार्ड | मौजा भाटापारा प.ह.न. 11 खसरा नं. 110/79 रकबा 0. 150 हे. 1672 वर्गफुट आवासीय पक्का मकान | हकत्याग विलेख |
| 12. | 1. श्री राकेश मंधानी पिता श्री सुरेश कुमार मंघानी 2. श्री संजय सबलानी पिता श्री घनश्यामदास सबलानी निवासी संतकंवरराम/मातादेवालय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री देवनारायण सेन पिता श्री भगवान सिंग सेन निवासी ग्राम जरौद (बड़े) सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | संतकंवरराम वार्ड | मौजा भाटापारा प.ह.न. 11 खसरा नं. 139/86 रकबा 0. 0171 हे. में से 220 वर्गफुट आवासीय खूला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 13. | 1. चंद्रपाल थधवानी पिता स्व. श्री मूलचंद थधवानी निवासी वार्ड नं. 41 कसारीडीह चौक के पास केलाबाड़ी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) 2. किशोर थधवानी पिता स्व. श्री मूलचंद थधवानी निवासी अमलीडीह रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 3. हरीश कुमार थधवानी पिता श्री स्व. घनश्श्याम दास थधवानी निवासी शासकीय स्कूल के पीछे मनवीय विहार कालोनी अमलीडीह, रविग्राम रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 4. सुशील थधवानी पिता स्व. श्री घनश्याम दास थधवानी निवासी मनवीय विहार कालोनी अमलीडीह, रविग्राम रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 5. श्रीमती मीना गंगवानी पति श्री राजकुमार गंगवानी निवासी वार्ड 10 नेवरा तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) 6. श्रीमती सुनीता सचदेव पति श्री महेश सचदेव निवासी शांति नगर, प्रम प्रकाश गली भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) 7. रामचंद थधवानी पिता स्व. श्री खुबचंद थधवानी न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह, रविग्राम रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 8. श्रीमती ईश्वरी देवी फुलवानी पति श्री मेघराज फुलवानी निवासी ओम हाईट्स तार बहार व्यापारा विहार रोड आनंद होटल के पास बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) 9. श्रीमती चंदादेवी उर्फ ममता रोहरा पति श्री चेलाराम रोहरा निवासी न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह, रविग्राम रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 10. सावित्री उर्फ ज्योति बजाज पति श्री प्रदीप बजाज निवासी वार्ड नं. 17 अटल आवास लिंगीयाडीह बिलासपुर जिला- बिलासपुर (छ.ग.) | 1. नारायण दास थधवानी पिता स्व श्री प्रताप मल थधवानी निवासी झुलेलाल मंदिर के पास अवरेठी पारा भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) 2. रवि कुमार थधवानी श्री नारायण दास थधवानी निवासी झुलेलाल मंदिर के पास अवरेठी पारा भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | महासती वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 नजूल शीट क्रमांक 8 भूखण्ड क्रमांक 54 रकबा 1800 वर्गमीटर मकान | दान पत्र |
| 14. | 1. कृष्ण कन्हैया सेठी पिता श्री अमरनाथ सेठी 2 श्रीमती पूनम सेठी पति श्री कृष्ण कन्हैया सेठी निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सुनील अग्रवाल पिता श्री सोहनलाल अग्रवाल निवासी नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 15002/3 रकबा 0. 2119 हे. 22810 वर्गफुट कृषि प्रयोजनार्थ | विक्रय विलेख |
| 15. | 1. कृष्ण कन्हैया सेठी पिता श्री अमरनाथ सेठी 2 श्रीमती पूनम सेठी पति श्री कृष्ण कन्हैया सेठी निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती सुमन अग्रवाल पति श्री सुनील अग्रवाल निवासी नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 15002/2 रकबा 0. 2119 हे. 22810 वर्गफुट औद्योगिक प्रयोजनार्थ | विक्रय विलेख |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद भाटापारा**


## कलार समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 को

**रायपुर, 20 जून ।** छत्तीसगढ़ कलार समाज रायपुर (शहर मंडल) द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए विशुद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2025 का आयोजन 21 जून 2026, रविवार को किया जा रहा है। यह इस वर्ष का दूसरा परिचय सम्मेलन होगा, जिसमें समाज के युवाओं को एक मंच पर लाकर उनके लिए उपयुक्त जीवनसाथी चयन का अवसर प्रदान किया जाएगा। समाज समिति के अनुसार, कार्यक्रम को पूर्णतः गैर-राजनीतिक रखा जाएगा और इसमें किसी भी प्रकार के भाषण का आयोजन नहीं किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और पारंपरिक मूल्यों के साथ वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करना है। यह सम्मेलन प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कलार समाज भवन, शीतला चौक, डंगनिया, रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इसमें अखिल भारतीय स्तर से कलार समाज के स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में केवल विवाह योग्य युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ ही प्रवेश कर सकेंगे। अभिभावक के बिना प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी प्रतिभागियों को अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य किया गया है। समाज के विकास हेतु सुझाव एवं विचार लिखित रूप में समाज पटल पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए दोपहर में चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई है। समिति ने सभी से समय का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया है आयोजक समिति ने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।


## शपथ पत्र

मैं माहरू राम बघेल पिता बोडकाराम, उम्र 48 वर्ष, निवासी- ग्राम घोड़ागांव, तह. कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग. जो कि मेरे आधार कार्ड में अंकित है।

मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।

मेरी पुत्री का पुराना नाम मंगलदई बघेल है, आधार कार्ड 2947 9432 6159, में अंकित है, तथा जन्मतिथि 20/12/2012 अंकित है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम मंगलदई बघेल (पुराना नाम) से बदल कर मंगली बघेल (MANGLI BAGHEL) (नया नाम) रख लिया है। मेरी पुत्री की सही जन्मतिथि 20/12/2012 है।

मेरी पुत्री के पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है, और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

मैं मेरी पुत्री के नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ, तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**माहरू राम बघेल**

**//सत्यापन//**

मैं माहरू राम बघेल पिता बोडकाराम, सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त कंडिका क्रमांक 01 से 05 तक के तथ्य मेरे स्वयं के जानकारी में सत्य एवं सही है। आज दिनांक 16/06/2026 को स्थान कोण्डागांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

**शपथकर्ता**
**माहरू राम बघेल**

## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
### मामले की श्रेणीः राजस्व

**संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2026-27-111-1-1340**

## ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी ANI ANSARI पिता/पति-NA पता-GANJPARA DURG, करुणा ताम्रकार पिता/पति-दिनेश कुमार ताम्रकार पता-शंकर नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1304/80(0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जितेन्द्र कुमार देवांगन पिता/पति-दुकालू राम देवांगन पता-दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/06/2026 को जारी किया जाता है।

**Prafull Kumar Gupta**
मुहर
**तहसीलदार**
**तहसील-दुर्ग**

एक नजर

## बच्चों के हित में श्रेष्ठ रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों को अवार्ड



**रायपुर, 20 जून।** छत्तीसगढ़ में एमसीसीआर ट्रस्ट द्वारा यूनिसेफके सहयोग से बीते 5 वर्षों से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं बाल अधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाले पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों को मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी श्रेष्ठ रिपोर्टिंग के लिए प्रदेश के 9 पत्रकारों और दो फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ में एमसीसीआर ट्रस्ट द्वारा यूनिसेफके सहयोग से वर्ष 2020 में शुरू किया गया यह पहला विशिष्ट मीडिया पुरस्कार है। इस पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य बाल अधिकारों, उनकी सफलताओं और नवाचारों को विकास के केंद्र में लाना है। बाल–हितों पर प्रकाश डालने और समाज में बाल अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने वाले मीडियाकर्मियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में इस वर्ष, रूचि पांडेय को डिजिटल मीडिया के लिए, अनुज नहरिया, विक्रम तिवारी, यशवंत चक्रधारी, यशवंत सिन्हा को प्रिंट मीडिया के लिए कुश अग्रवाल को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए, प्रदीप डडसेना, हेमंत गोस्वामी को फोटोग्राफी के लिए और जॉन राजेश पॉल, आर के गांधी, और नारद योगी को रचनात्मक उत्कृष्टता के लिए मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किया गया। मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड – 2026 का थीम 'बाल अधिकारों के लिए सशक्त मीडिया, सुरक्षित बचपन की दिशा' रहा, जिसके लिए बड़ी संख्या में इंट्रीज आईं और जूरी द्वारा चयनित श्रेष्ठ रिपोर्टिंग से जुड़े मीडिया कर्मियों को यह अवार्ड दिया गया।

## अमेज़न ने ब्यूटीवर्स 2026 की घोषणा की

**रायपुर, 20 जून।** अमेज़न इंडिया ने आज अपने प्रमुख ब्यूटी डिस्कवरी एक्सपीरियंस, 'ब्यूटीवर्स' की घोषणा की, जो 20 जून को मुंबई में आयोजित होने जा रहा है। इसमें अनन्या पांडे, शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा, करिश्मा कपूर, जैकलिन फर्नांडीस, मीरा कपूर, उर्फी जावेद, महीप कपूर, सुशांत दिवगिकर और कई अन्य हस्तियां शामिल होंगी। पहली बार, ब्यूटीवर्स Amazon.in पर एक समर्पित स्टोरफ्रंट के माध्यम से ऑनलाइन भी उपलब्ध होगा, जिससे पूरे भारत में लाखों ग्राहक इस जुलाई में अमेज़न प्राइम डे से पहले हज़ारों ब्रांड्स को एक्सप्लोर कर सकेंगे, नए लॉन्च खरीद सकेंगे और क्रिएटर–आधारित कंटेंट तक पहुंच सकेंगे। अमेज़न इंडिया के डायरेक्टर–ब्यूटी सिद्धार्थ भगत ने कहा, पिछले साल, ब्यूटीवर्स ने 1, 400 से अधिक अटेंडीज़ और ब्रांडों को एक साथ लाया था, जिन्होंने इवेंट के बाद अपने व्यवसाय में 1.6 गुना की वृद्धि देखी। इस साल, हम 2, 000 से अधिक अटेंडीज़, 70 ब्रांड्स, भारत के सबसे बड़े सेलिब्रिटीज़, 600 से अधिक क्रिएटर्स और प्राइम मेंबर्स को एक साथ ला रहे हैं — जो इसे हमारा अब तक का सबसे बड़ा एडिशन बनाता है।

## अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे की घोषणा की

**रायपुर, 20 जून।** अमेज़न ने आज घोषणा की कि प्राइम डे 2026 का 10वां एडिशन 4 जुलाई को रात 12:00 बजे से शुरू होकर 6 जुलाई को रात 11:59 बजे तक चलेगा, जो प्राइम मेंबर्स के लिए विशेष रूप से तैयार की गई 72 घंटों की डील्स, बचत, नए लॉन्च और विशेष मनोरंजन की पेशकश करेगा। 10 साल के इस मील के पत्थर के हिस्से के रूप में, अमेज़न प्राइम मेंबर्स को '10वीं एनिवर्सरी डील्स' के साथ सभी श्रेणियों में रोमांचक ऑफर्स तक पहुंच दे रहा है, साथ ही एसबीआई और एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन का उपयोग करके पेमेंट्स पर अतिरिक्त 10% की बचत भी मिलेगी। अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ, प्राइम मेंबर्स को अनलिमिटेड 5% कैशबैक मिलेगा। भारत में प्राइम डे के 10वें एडिशन के मौके पर, अमेज़न नए सदस्यों को सीमित समय के लिए एक खास एनिवर्सरी ऑफर दे रहा है—जिसमें वार्षिक प्राइम मेंबरशिप (1, 499 रुपये) पर फ्लैट 500 रुपये की छूट मिलेगी, जिससे यह केवल 999 रुपये में उपलब्ध होगी। इसके साथ ही प्राइम लाइट सिर्फ 599 रुपये/वर्ष (799 रुपये से कम) में और प्राइम शॉपिंग एडिशन (पीएसई) सिर्फ299 रुपये/वर्ष (399 रुपये से कम) में उपलब्ध है, जिससे हर प्राइस पॉइंट पर प्राइम डे का एक्सेस मिलना आसान हो जाता है। अभिनव अग्रवाल, डायरेक्टर – प्राइम, अमेज़न इंडिया ने कहा, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन से लेकर तेजी से डिलीवर होने वाली बेहतरीन डील्स तक, प्राइम डे हमेशा हमारे सदस्यों, विक्रेताओं और ब्रांड पार्टनर्स का जश्न मनाने के बारे में रहा है।

### अभनपुर में दर्दनाक हादसे के बाद बवाल

# महिला को ग्रेडर ने कुचला, गुस्साए ग्रामीणों ने मशीन में लगाई आग

**रायपुर, 20 जून।** रायपुर जिले के अभनपुर तहसील क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी के अनुसार, घर के बाहर खड़ी एक महिला को तेज रफ्तार ग्रेडर वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे के बाद संबंधित कंपनी और ग्रेडर चालक के खिलाफ तत्काल कोई ठोस पुलिस कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रेडर वाहन को आग के हवाले कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और मृतका को न्याय दिलाने की मांग करने लगे। घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल बन गया। वहीं ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि ठेकेदार के दबाव में पुलिस ने गांव के एक-दो लोगों को थाने में बैठा लिया है, जिससे लोगों में और नाराजगी बढ़ गई है। हालांकि पुलिस की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने



के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। यह पूरा मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस हादसे और उसके बाद हुई आगजनी की घटना की जांच कर रही है।

# प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने 21 को आएंगे राहुल गांधी

**रायपुर, 20 जून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर आज से अभनपुर में शुरू होगा। कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट शिविर में शामिल होने आज शाम 4.30 बजे आज रहे है। प्रशिक्षण में शामिल होने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 21 जून को दोपहर 2.15 बजे रायपुर नियमित विमान से पहुंचेंगे। वे सीधे प्रशिक्षण स्थल जायेंगे तथा शाम 6.40 बजे नियमित विमान से दिल्ली रवाना होंगे। प्रशिक्षण का पूरा कार्यक्रम एआईसीसी के प्रशिक्षण विभाग के द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण में जिला अध्यक्षों को फील्ड विजिट करेंगे, श्रमदान करेगा, गांव में रात्रि



विश्राम करेंगे, इसके साथ विभिन्न समसामयिक विषयों की जानकारी विषय विशेषज्ञ देंगे।

**भाजपा पुरंदर के पागलपन का इलाज कराये :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पुरन्दर मिश्रा राहुल गांधी के संदर्भ में दिया गया बयान बेहद आपत्तिजनक है। भाजपा के विधायक पुरन्दर मिश्रा राजनैतिक भाषा की मर्यादा का लगातार उल्लंघन कर रहे। हमे लगता है कि कोई स्वस्थ मानसिकता का व्यक्ति इस प्रकार की भाषा शैली का उपयोग नहीं कर सकता। हम भाजपा से मांग करते है कि वह पुरन्दर मिश्रा का मानसिक इलाज कराये। यदि कोई परेशानी है तो उनके दिमाकी इलाज का पूरा खर्चा कांग्रेस उठाने को तैयार है।

# पुरंदर मिश्रा ने राहुल गांधी को बताया जोकर

## कांग्रेस पुरंदर का इलाज कराने तैयार : विकास उपाध्याय

**रायपुर, 20 जून।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 21 जून को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने आ रहे राहुल गांधी के दौरे से पहले भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें जोकर बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली से जोकर आ रहा है, दस दिनों तक छत्तीसगढ़ में सर्कस चलेगा। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। राहुल गांधी के दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए पुरंदर मिश्रा ने कहा कि राम को काल्पनिक बताने वाले राहुल गांधी अब भगवान राम के ननिहाल माने जाने वाले छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में लेन-देन और भ्रष्टाचार की संस्कृति रही है। ऐसे में राहुल गांधी यहां आकर क्या कार्यकर्ताओं को आलू से सोना बनाने की कला सिखाएंगे।

**विकास उपाध्याय का पलटवार:** भाजपा विधायक के बयान पर कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पुरंदर मिश्रा मानसिक रूप से परेशान हो चुके हैं और उन्हें उपचार की आवश्यकता है। उपाध्याय ने कहा, पुरंदर मिश्रा केवल सुर्खियों में बने रहने और अपना राजनीतिक कद बढ़ाने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं। अगर भाजपा उनका इलाज नहीं करा पा रही है तो कांग्रेस इसके लिए भी तैयार है।

# शास्त्री मार्केट में माप–बाट की जांच 6 प्रकरणों में 20 हजार का जुर्माना



**रायपुर, 20 जून।** कलेक्टर जनदर्शन में शास्त्री मार्केट रायपुर विक्रेताओं के खिलाफ कांटा मारने की जमकर शिकायत की गई। बताया गया कि माप-बाट का नवीनीकरण नहीं किया गया है। इलेक्ट्रिक तौल में सेटिंग का खेल चल रहा है। प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार शास्त्री मार्केट रायपुर में नापतौल विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर प्रकरण दर्ज किए गए। उक्त कार्यवाही नियंत्रक डॉ देवेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 6 प्रकरण दर्ज कर कुल 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। विभागीय अधिकारियों ने अन्य व्यापारियों को समय पर बाट-माप का सत्यापन एवं मुद्रांकन कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के लिए इस प्रकार की आकस्मिक निरीक्षण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्रवाई के समय सहायक नियंत्रक आर.एस सोरी, निरीक्षक उमेश्वरी जांगड़े, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विप्र कॉलेज में योग शिविर का आयोजन

**रायपुर, 20 जून।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में 20 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है।

विप्र कॉलेज में आयोजित योग शिविर में योगाचार्य संजय शर्मा द्वारा योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से निरोग रहने की शिक्षा के साथ साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा से भी अवगत कराया जा रहा है। डॉ. रंजना मिश्रा के निदेशन में आयोजित योग शिविर में प्राध्यापको और विद्यार्थियों के साथ-साथ सामान्य जन भी हिस्सा लेकर योगाभ्यास का लाभ ले रहे हैं। योग का सर्वाधिक लाभ विद्यार्थियों को मिल सकता है। अगर विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ नियमित योगाभ्यास करें, तो सफलता उनके कदम चूमेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि योग शिविर का समापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को किया जाएगा। इस अवसर पर शिविर के माध्यम से 20 दिन तक योगाभ्यास करने वाले समस्त प्रतिभागी नियमित योगाभ्यास का संकल्प लेंगे, ताकि स्वस्थ रहकर भारत के विकास में अपना योगदान दे सके।

# सरपंच सम्मेलन में स्वच्छ, सुंदर व विकसित ग्राम निर्माण पर चर्चा

**रायपुर, 20 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी की अध्यक्षता में बेरला विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) में जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सम्मेलन एवं विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) 2025 (VB-G-RAM-G) विषयक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बेरला विकासखंड के सभी सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण आजीविका संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी सरपंचों से अपने-अपने ग्राम पंचायतों को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए जनभागीदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान



आज जनआंदोलन का रूप ले चुका है और इसे गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ गांव और विकसित गांव की पहचान है। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में घर-घर कचरा पृथक्करण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए हरा, नीला एवं लाल पीला डिब्बा व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

# सुशासन शिविर में शामिल हुए योगेश तिवारी

**रायपुर, 20 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 12 वर्ष विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान अंतर्गत बेमेतरा में आयोजित अनुभाग स्तरीय शिविर में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए।

इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के नए पंजीयन, सुधार एवं जनसमस्याओं के निवारण हेतु लगाए गए शिविर का अवलोकन कर उन्होंने हितग्राहियों एवं अधिकारियों से चर्चा की। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई गई तथा पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, दस्तावेज सुधार एवं समस्याओं का निराकरण किया गया।

बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं, जिनका लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। आज सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ी है और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की दिशा में प्रभावी कार्य हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, उवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन एवं डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इन योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है।




# कचना में रहेजा अवाना के भव्य 'एक्सपीरियंस सेंटर' का शुभारंभ

**रायपुर, 20 जून।** तेज़ी से विकास की नई इबारत लिख रहे हमारे छत्तीसगढ़ ने आज ग्लोबल लाइफस्टाइल की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। अब तक हमारे प्रदेश के लोग दुबई, सिंगापुर या देश के बड़े महानगरों (मुंबई, बेंगलुरु) की मॉडर्न लाइफस्टाइल देखकर यही सोचते थे कि 'हमारे शहर में ऐसा कब होगा?' आज छत्तीसगढ़वासियों का यह सपना हकीकत में बदल गया है।

प्रदेश की माटी से जुड़े और पिछले दो दशकों से यहाँ के सबसे भरोसेमंद रियल एस्टेट ब्रांड 'रहेजा ग्रुप' छत्तीसगढ़वासियों को एक नायाब तोहफा देते हुए आज अपने अल्ट्रा-लग्ज़री प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' की शानदार शुरुआत करने जा रहा है।

सेंट्रल इंडिया के इतिहास में पहली बार ग्लोबल आर्किटेक्चर और इंडियन कल्चर का संगम ज़मीन पर उतर रहा है। प्रदेशवासियों को इसी ग्लोबल लाइफस्टाइल का साक्षात अनुभव कराने के लिए, रायपुर के नए 'लग्ज़री डेस्टिनेशन' कचना (कचना मेन रोड) में



रहेजा अवाना के भव्य 'एक्सपीरियंस सेंटर' का ऐतिहासिक शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत है इसका इंटरनेशनल डिज़ाइन, जो छत्तीसगढ़ को सीधे ग्लोबल स्टेज पर खड़ा करता है।

**महानगरों का एकाधिकार खत्मः** अब तक इंटरनेशनल लेवल का अल्ट्रा-मॉडर्न आर्किटेक्चर सिर्फ महानगरों के एलीट वर्ग तक सीमित था। लेकिन रहेजा ग्रुप ने इस पुरानी सोच को बदल दिया है।

**सेंट्रल इंडिया में पहला ग्लोबल लग्ज़री प्रोजेक्टः** 'रहेजा अवाना' को डिज़ाइन करने के लिए एशिया के सबसे दिग्गज आर्किटेक्ट्स में से एक, सिंगापुर के एंडी फिशर को चुना गया है। पूरे मध्य भारत और छत्तीसगढ़ में यह उनका पहला प्रोजेक्ट है। उन्होंने यहाँ सिर्फ़ ईंट-गारे की इमारतें नहीं खड़ी की हैं, बल्कि इंटरनेशनल लग्ज़री और छत्तीसगढ़ की शांत संस्कृति को मिलाकर एक ऐसा 'लिविंग आर्टवर्क' तैयार किया है जो पहली ही नज़र में आपका मन मोह लेगा।

**एक्सपीरियंस सेंटरः** छत्तीसगढ़ के भविष्य की एक 'जीवंत झलक' कचना में खोला गया यह 'एक्सपीरियंस सेंटर' कोई आम सेल्स ऑफिस नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक आर्किटेक्चरल अजूबा है। यहाँ कदम रखते ही आपको समझ आ जाएगा कि छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय लाइफस्टाइल कैसी होने वाली है। इटैलियन मार्बल की शानदार फिनिशिंग, प्रीमियम वुडन वर्क की गर्माहट, और स्पेस प्लानिंग का जादुई 'पीक' आपको यह महसूस कराएगा कि 'रहेजा अवाना' में आपका आने वाला कल कितना ख़ास और भव्य होने वाला है। ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाएं जो पहले कभी नहीं देखी गईं। रहेजा अवाना सिर्फ़ एक एड्रेस नहीं, बल्कि प्रदेश के उन चुनिंदा पारखी लोगों का 'प्राइवेट एस्टेट' होगा जो जीवन में केवल परफेक्शन ही चुनते हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26